डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति रविवार को प्रकाशित भोपाल से 02 मई 2021 वर्ष-3 अंक-48 मूल्य 00.00

मध्यप्रदेश में प्रतिदिन हो रहा है 5300 मेगावॉट से अधिक सौर ऊर्जा उत्पादन - मुख्यमंत्री

तीन जिलों में 5250 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होंगे 1500 मेगावॉट के तीन सौर ऊर्जा प्लांट

शाजापुर, मध्यप्रदेश प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 2030 तक देश की ऊर्जा आवश्यकता की 50 प्रतिशत आपूर्ति सौर ऊर्जा से करने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। प्रदेश में तय सीमा में इस लक्ष्य को हासिल करने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश में प्रतिदिन 5300 मेगावॉट से अधिक सौर ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है। पर्यावरण सुरक्षा की दृष्टि से भी सौर ऊर्जा पर विशेष जोर दिया जा रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने शाजापुर में 1500 मेगावॉट क्षमता वाले सौर ऊर्जा पार्क के भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ऊर्जा साक्षरता अभियान के लिये हुई लोगो डिजाइन प्रतिस्पर्धा के विजेता को पुरस्कृत करते हुये।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हर गरीब की झोपड़ी तक बिजली पहुंचाई है। मध्यप्रदेश आज बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर है। प्रदेश में प्रतिदिन 22 हजार मेगावॉट बिजली का उत्पादन हो रहा है। राज्य सरकार पानी, कोयले, हवा और सूरज सभी माध्यमों से बिजली बना रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली बचाएं, पेड़ लगाएं और कोरोना के दोनों टीके लगवाकर स्वयं, परिवार, प्रदेश एवं देश को सुरक्षित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गरीबों को 100 रुपये मासिक दर पर बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार हर वर्ष बिजली बिलों पर 21 हजार करोड़ रुपये का अनुदान दे रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हर व्यक्ति के लिये रोटी, कपड़ा, मकान, दवाई, पढ़ाई एवं रोज़गार का इंतजाम किया जा रहा है। सरकार उचित मूल्य राशन, पक्के आवास, आवासीय भू-अधिकार, शिक्षा के लिये फीस, निःशुल्क इलाज, रोज़गार, स्व-रोज़गार की व्यवस्था कर रही है। आगामी एक वर्ष में एक लाख से अधिक सरकारी नौकरियों में भर्ती की जाएगी।

केंद्रीय ऊर्जा एवं नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री आर.के. सिंह ने कहा कि सरकार ने हर गांव-हर घर तक बिजली पहुंचा दी है। यदि कोई घर छूट गया हो तो बता दें, वहां भी बिजली पहुंचा दी जाएगी। सरकार ने एक लाख 59 हजार किलोमीटर बिजली ग्रिड बनाई है और लेह, लद्दाख तक हर घर में बिजली पहुंचाई है। हमारी प्रति दिन एक लाख 12 हजार मेगावॉट बिजली हस्तांतरण की क्षमता है। श्री सिंह ने कहा कि देश में सौर ऊर्जा के माध्यम से साफ और सस्ती बिजली उपलब्ध कराने पर तेज गति से कार्य हो रहा है। सौर ऊर्जा के उत्पादन में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य के रूप में उभरा है।

सांची बनेगी ग्रीन सिटी

मुख्यमंत्री ने कहा कि रायसेन जिले में स्थित विश्व धरोहर स्थल सांची को पूरी तरह से ग्रीन सिटी के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है। ग्रीन एनर्जी प्रधानमंत्री का संकल्प है। इसके अनुरूप गैर पारम्परिक ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाने के लिए कृत-संकल्पित हैं। सांची एक ग्रीन सिटी होगी जहां पूरी की पूरी बिजली का जो उत्पादन होगा वो सोलर के माध्यम से होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सांची सौर ऊर्जा के क्षेत्र में विश्वभर में सभी का ध्यान आकर्षित करेगी।

मार्च 2023 में प्रारंभ होगा विद्युत उत्पादन

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग ने सौर परियोजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 1500 मेगावॉट की इन सौर परियोजनाओं में आगर जिले में 550 मेगावॉट की 2 यूनिट (350+200), शाजापुर जिले में 450 मेगावॉट की 3 यूनिट (105+220+125) और नीमच जिले में 500 मेगावॉट की क्षमता की 3 यूनिट (170+160+170 मेगावॉट) स्थापित की जाएंगी। परियोजनाओं से मार्च 2023 में विद्युत उत्पादन प्रारंभ हो जाएगा।

किसान कल्याण

किसानों को अब नाबार्ड से मिलेगा ज्यादा ऋण

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की कृषि क्षेत्र में किसानों की उद्यमिता को बढ़ाने की प्राथमिकताओं को देखते हुए राष्ट्रीय ग्रामीण एवं कृषि विकास बैंक- नाबार्ड ने मध्यप्रदेश में किसानों के लिये फसली ऋण पर 1 लाख 18 हजार 288 करोड़ और कृषि सावधि ऋण पर 62 हजार 693 करोड़ रुपये देने का अनुमान लगाया है। वर्ष 2022-23 के लिए 2 लाख 42 हजार 967 करोड़ के कुल ऋण का अनुमान है जिसमें से लगभग 74 प्रतिशत कृषि क्षेत्र को मिलेगा। एमएसएमई के तहत 39 हजार 267 करोड़ रुपये एवं अन्य प्राथमिकता क्षेत्र निर्यात ऋण, शिक्षा, आवास, नवकरणीय ऊर्जा, अन्य और सामाजिक बुनियादी ढाँचे, पर 22 हजार 715 करोड़ रुपये का ऋण उपलब्ध हो पायेगा। यह जानकारी भोपाल में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत नाबार्ड के मध्यप्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आयोजित 'राज्य ऋण संगोष्ठी 2022-23' में दी गई।

वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार ने अपने बजट में ग्रामीण अधोसंरचना के विकास के लिए आईआईडीएफ एवं माइक्रो इरीगेशन फंड में 10 हजार करोड़ रुपये और 5 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोत्तरी की है। इससे मध्यप्रदेश में सिंचाई क्षेत्र को और अधिक संबल मिल रहा है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण और महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को बढ़ावा देना राज्य सरकार का प्रमुख एजेंडा है। श्री देवड़ा ने वर्ष 2023 तक आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने के लिए प्रदेश के 100 प्रतिशत किसानों तक केसीसी कवरेज बढ़ाने, ग्रामीण बुनियादी ढांचे में निवेश और कृषि उत्पादक समूहों के वित्त पोषण पर प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया।

खास खबर

राज्य रूपंकर कला पुरस्कार प्रदर्शनी के लिए 15 जनवरी तक कलाकृतियां आमंत्रित

भोपाल, उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी द्वारा मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार प्रदर्शनी-2022 का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश के ख्यातिलब्ध कलाकारों के नाम से स्थापित रूपंकर एवं ललित कलाओं के दस पुरस्कारों के लिए अकादमी ने 15 फरवरी 2022 तक कलाकृतियाँ आमंत्रित की हैं। प्रत्येक पुरस्कार की राशि 51 हजार रुपये है। प्रदर्शनी में दो कलाकृतियों मान्य की जावेंगी और 25 से 55 वर्ष तक की आयु के कलाकार भाग ले सकेंगे।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

स्वच्छता सर्वेक्षण 2021

इंदौर ने पांचवीं बार लहराया देश में स्वच्छता का परचम

नई दिल्ली, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मुझे यह बताते हुए गर्व और प्रसन्नता है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सपने और संकल्प को मध्यप्रदेश ने साकार किया है। इस साल मध्यप्रदेश को स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 अवॉर्ड में कुल 38 पुरस्कार मिले हैं। पिछले साल प्रदेश को 27 पुरस्कार प्राप्त हुए थे। नई दिल्ली में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में 21 पुरस्कार प्रदेश को प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इंदौर निवासियों को प्रणाम करते हुए उन्हें बधाई दी। उल्लेखनीय है कि इंदौर लगातार पांचवीं बार स्वच्छता में देश में प्रथम स्थान पर है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज में भी इंदौर प्रथम स्थान पर है। भोपाल और देवास को भी पुरस्कार प्राप्त हुआ है। स्वच्छ सर्वेक्षण में इंदौर के अलावा भोपाल, उज्जैन, पचमढ़ी केंट, होशंगाबाद, देवास और बड़वाह ने भी पुरस्कार प्राप्त किया है। गारबेज फ्री सिटी में इंदौर के अलावा उज्जैन, ग्वालियर, देवास, सिंगरौली, मूंदी, बुरहानपुर, राजगढ़, धार और राजधानी भोपाल को पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। शहरों को मिले स्वच्छता पुरस्कारों से मध्यप्रदेश गौरवान्वित हुआ है।

श्री चौहान ने ट्वीट किया है कि राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद का आशीर्वचन और मार्गदर्शन मध्यप्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश में स्वच्छता के प्रयासों को अभूतपूर्व गति प्रदान करेगा। राष्ट्रपति का मैं प्रदेश के समस्त नागरिकों की तरफ से अभिनंदन कर आभार व्यक्त करता हूं।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन का आभार मानते हुए ट्वीट किया कि यशस्वी प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में देश में स्वच्छता सिर्फ अभियान या कार्यक्रम ही नहीं, बल्कि जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। प्रदेश को 38 पुरस्कार प्राप्त होने पर मैं प्रधानमंत्री जी का मध्यप्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता की तरफ से आभार प्रकट करता हूं। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर के लगातार 5वीं बार स्वच्छता में शीर्ष पर बने रहने पर ठेठ इंदौरी अंदाज में ट्वीट किया - 'अरे वाह भिया, छा गया अपना इंदौर फिर से इंदौर अद्भुत है, गजब है।

गांव के हर घर, हर खेत तक पानी पहुंचायेंगे - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सीहोर में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करते हुये।

सीहोर, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश के हर गांव, हर घर तक पानी पहुंचायेंगे। प्रदेश में सड़कों, सिंचाई, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य आदि से जुड़ी योजनाओं पर कार्य चल रहा है। किसानों को सिंचाई के लिये बिजली बिलों में राहत दी जा रही है। किसान को 5 हार्स पॉवर तक सिंचाई बिजली बिल के लिये केवल 3600 रुपये जमा करने होते हैं, जबकि सरकार द्वारा 53 हजार रुपये का भुगतान किया जाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश एवं क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जायेगी। किसान सम्मान निधि योजना में केंद्र सरकार द्वारा गरीब किसानों को एक वर्ष में 6 हजार रुपये दिये जाते हैं। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा इसके साथ ही 4 हजार रुपये और दिये जा रहे हैं। विद्यार्थियों को मेडिकल एवं तकनीकी संस्थानों में अध्ययन के लिये सरकार द्वारा फीस की राशि दी जाती है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 13 करोड़ 5 लाख 91 हजार रुपये की लागत के सिराली-सनकोटा मार्ग, 9 करोड़ 96 लाख रुपये की लागत के पिपलानी-आमलापानी मार्ग, सिराली में 12 लाख रुपये लागत के सामुदायिक भवन निर्माण, 3 लाख 20 हजार रुपये लागत के खेल मैदान सहित विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन किया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

20 नवम्बर

सीएसआईआर ने जारी की नेट परीक्षा की तारीख

● वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) के लिये परीक्षा तिथि की घोषणा कर दी है। सीएसआईआर द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार यह परीक्षा 29 जनवरी 2022 को आयोजित की जायेगी। परीक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा जारी की जायेगी। उल्लेखनीय है कि पहले यह परीक्षा जुलाई 2021 में आयोजित होनी थी, लेकिन कोरोना महामारी के चलते इसे स्थगित कर दिया गया था।

● रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने लद्दाख के चुशुल में पुनर्निर्मित रेजांग ला स्मारक का लोकार्पण कर राष्ट्र को समर्पित किया। इस स्मारक का निर्माण वर्ष 1963 में चुशुल में लगभग 15 हजार फीट की ऊंचाई पर भारत-चीन सीमा पर 13 कुमाऊं रेजीमेंट की चार्ली कंपनी के सैनिकों के सम्मान में बनाया गया था। रक्षा मंत्री ने कहा कि चार्ली कंपनी का साहस और बलिदान आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि रेजांग ला स्मारक का नवीनीकरण न केवल बहादुर जवानों को श्रद्धांजलि है।

21 नवम्बर

ईपीएफओ ने पीएफ खाते के सेंट्रलाइज आईटी सिस्टम को दी मंजूरी

● कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अंशधारकों के भविष्य निधि (पीएफ) खाते के सेंट्रलाइज आईटी सिस्टम को मंजूरी प्रदान की है। यह निर्णय ईपीएफओ की सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की बैठक में लिया गया। ईपीएफओ ने कहा कि अगर कोई कर्मचारी नौकरी बदलता है या एक कंपनी से दूसरी कंपनी ज्वाइन करता है, तो उसे पीएफ खाता ट्रांसफर करने के लिये परेशान नहीं होना होगा, यह काम अपने आप हो जायेगा। सेंट्रलाइज सिस्टम पीएफ खाताधारकों के अलग-अलग खातों को मर्ज करके एक खाता बनायेगा।

● अमेरिका में 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को कोरोना रोधी वैक्सीन का बूस्टर डोज दिया जायेगा। अमेरिका की दवा विनियामक संस्था एफडीए ने बताया कि अभी अमेरिका में सिर्फ 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को ही बूस्टर डोज दिया जा रहा है, लेकिन अब सभी वयस्कों को वैक्सीन का बूस्टर डोज लगवा सकेंगे। एफडीए ने कहा कि 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति कोरोना रोधी वैक्सीन की अंतिम खुराक लेने के छह महीने बाद फाइजर या मॉडर्ना की अतिरिक्त खुराक ले सकता है।

22 नवम्बर

केंद्र सरकार ने सीरम इंस्टीट्यूट को दी 50 लाख वैक्सीन के निर्यात की मंजूरी

● केंद्र सरकार ने सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया को उसकी कोरोना रोधी वैक्सीन कोविशील्ड के निर्यात की मंजूरी दी है। सीरम इंस्टीट्यूट को वैक्सीन के 50 लाख डोज के निर्यात की अनुमति दी गई है। सरकार ने यह मंजूरी संयुक्त राष्ट्र समर्थित कोवैक्स ग्लोबल वैक्सीन कार्यक्रम के तहत दी है। सीरम इंस्टीट्यूट कोविशील्ड की 50 लाख खुराक नेपाल, ताजिकिस्तान, बांग्लादेश और मोजाम्बिक को निर्यात करेगी। सीरम इंस्टीट्यूट ने बताया कि उनके पास कोविशील्ड वैक्सीन की 24 करोड़ 89 लाख 15 हजार डोज का स्टॉक है। लगातार वैक्सीन के उत्पादन से इसका स्टॉक बढ़ रहा था, जिससे इसके संधारण में कठिनाई हो रही थी।

● चीन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आबू धाबी के पास बंदरगाह प्रोजेक्ट के नाम पर एक सैन्य ठिकाना बना रहा है। चीन की इस गतिविधि से यूएई सरकार भी अनभिज्ञ थी। यह दावा एक अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका ने इस चीन के इस सैन्य ठिकाने पर सख्त एतराज जताया था, इसके बाद चीन के बंदरगाह प्रोजेक्ट का काम रुक गया है। रिपोर्ट के अनुसार इस प्रोजेक्ट के पीछे चीन के सैन्य उद्देश्य छिपे हो सकते हैं। यह जगह आबू धाबी से 80 किलोमीटर दूर है। चीन ने बंदरगाह प्रोजेक्ट में जांच से बचने के लिये पूरी साइट को कवर किया था।

23 नवम्बर

वायु सेना जनवरी-2022 से शुरू करेगी राफेल विमानों का अपग्रेडेशन

● भारतीय वायु सेना अगले साल जनवरी से अत्याधुनिक लड़ाकू विमान राफेल को अपग्रेड करना शुरू करेगी। इससे राफेल विमानों को भारत की जरूरत के अनुरूप अपग्रेड किया जायेगा। भारतीय वायु सेना को फ्रांसीसी कंपनी द सॉल्ट एविएशन से 30 लड़ाकू विमान की आपूर्ति हो चुकी है। वायु सेना और द सॉल्ट के बीच हुये अनुबंध के तहत इन विमानों को अपग्रेड करने वाली किट फ्रांस से भारत लाई जायेगी। विमानों को अपग्रेड करने वाली वायु सेना की टीम फ्रांस में है। हर महीने तीन से चार विमानों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार अपग्रेड किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि भारत और फ्रांस के बीच वर्ष 2016 में 36 रॉफेल लड़ाकू विमानों का सौदा हुआ था।

● ब्रिटेन अगले महीने जी-7 समूह के विदेश मंत्रियों की शिखर बैठक की मेजबानी करेगा। ब्रिटेन के विदेश मंत्री लिज ट्रूस ने बताया कि यह बैठक 10 से 12 दिसम्बर तक लिवरपूल में आयोजित की जायेगी। इस बार जी-7 के विदेश मंत्रियों की बैठक में दक्षिण-पूर्वी एशियाई राष्ट्रों के संगठन आसियान के सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया है। उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन वर्ष 2021 में जी-7 समूह की अगुआई कर रहा है। इस साल जी-7 के विदेश मंत्रियों की यह दूसरी बैठक होगी।

24 नवम्बर

रक्षा अधिग्रहण परिषद ने 2,236 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को दी मंजूरी

● केंद्र सरकार भारतीय वायु सेना के लिये 2,236 करोड़ रुपये के खरीद प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में वायु सेना के आधुनिकीकरण एवं विभिन्न आवश्यकताओं के लिये मेक इन इंडिया के तहत यह स्वीकृति दी गई है। यह खरीद प्रस्ताव वायु सेना के लिये सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो की रियल टाइम कनेक्टिविटी के लिये जी सैट-7 सी उपग्रह और संबंधित उपकरणों की खरीदी के लिये हैं।

● देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये भारतीय रेलवे ने थीम आधारित ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। ये ट्रेनें निजी क्षेत्र संचालित करेंगे। 'भारत गौरव ट्रेन' नाम से चलने वाली इन विशेष ट्रेनों का किराया, खान-पान और अन्य सुविधायें आदि निजी क्षेत्र की कंपनियां संचालित करेंगी। केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने एक प्रेस वार्ता में 'भारत गौरव ट्रेन' शुरू करने की घोषणा की। श्री वैष्णव ने बताया कि इन ट्रेनों से भारत और विश्व के लोगों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और भव्य ऐतिहासिक स्थल दिखाने का भारत सरकार का विजन साकार होगा। रेल मंत्री ने बताया कि इन विशेष ट्रेनों के लिये रेलवे ट्रेन संचालन करने वालों से न्यूनतम किराया लेगी।

25 नवम्बर

भारत रणनीतिक तेल भंडार से जारी करेगा 50 लाख बैरल कच्चा तेल

● देश में कच्चे तेल की कीमतों में कमी लाने के लिये भारत अपने रणनीतिक तेल भंडार से 50 लाख बैरल कच्चा तेल जारी करेगा। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट लाने के लिये चीन, भारत और जापान सहित कई बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश यह कदम उठा सकते हैं। यह पहला अवसर है, जब भारत अपने रणनीतिक तेल भंडार से कच्चा तेल बाजार में जारी करेगा। भारत के पूर्वी और पश्चिमी तट पर कच्चे तेल के भूमिगत भंडार है, इनमें लगभग 380 लाख बैरल कच्चा तेल आपात स्थिति के लिये सुरक्षित रखा गया है।

● फ्रांस के नजदीक इंग्लिश चैनल पार करते समय एक नौका डूब गई। इस हादसे में 31 प्रवासियों की मृत्यु हो गई। फ्रांस के गृह मंत्री गेराल्ड दारमेनिन ने बताया कि ये प्रवासियों के पलायन से जुड़ी बड़ी त्रासदी है। इस नाव पर 34 लोग सवार थे। हादसे के बाद 31 लोगों की लाशें बरामद की गई हैं, जबकि दो लोगों को जीवित निकाला गया है, वहीं एक व्यक्ति लापता है। इस हादसे के बाद ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने आपात बैठक बुलाई है। जॉनसन ने कहा कि हम इस दुर्घटना से हैरान हैं। हम मानव तस्करी को रोकने के लिये जरूरी कदम उठायेंगे।

26 नवम्बर

दक्षिण अफ्रीका में मिले कोरोना वायरस के नये वैरिएंट पर अलर्ट जारी

● दक्षिण अफ्रीका में कोरोना वायरस का नया वैरिएंट मिलने के बाद विश्व के कई देशों में चिंता बढ़ गई है। नया वैरिएंट बी.1.1.529 से दक्षिण अफ्रीका में 100 से ज्यादा लोग संक्रमित हो चुके हैं। इस वैरिएंट के सामने आने के बाद वहां बड़े पैमाने पर सरकार संक्रमित लोगों की खोजबीन कर रही है। इस वैरिएंट के सामने आने के बाद भारत सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर अलर्ट भेजा है। पत्र के अनुसार नया वैरिएंट तेजी से म्यूटेंट कर रहा है। हाल ही में वीजा संबंधी प्रतिबंधों में ढील और अंतर्राष्ट्रीय यात्रा को खोलने की संभावना के मद्देनजर अधिक सावधानी की आवश्यकता है।

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत शिक्षकों और छात्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये ऑनलाइन माध्यम से एक किशोर सहकर्मी शिक्षक नेतृत्व कार्यक्रम का शुभारंभ किया है। इस कार्यक्रम के शुरुआती चरण में देशभर के 2600 से अधिक स्कूलों को जोड़ा गया है। इस ऑनलाइन कार्यक्रम को बैच में विभाजित किया गया है। कार्यक्रम के तहत प्रत्येक बैच को आठ घंटे का प्रशिक्षण चार दिन तक विभिन्न सत्रों में दिया जायेगा।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

भारत सरकार, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित
निःशुल्क कोचिंग योजना (F.Y. 2021-22)
Under NAYA SAVERA
"The Free Coaching and Allied Scheme" for Minority Students
Minority Category: Jain, Muslim, Christian, Sikh, Budhist, Parsi

Stipend	: Rs. 2500 per month
Course Name	: Group-B & C (Bank, Railway, SSC Exams)
Duration	: 04/03 Months
Family Income	: Not more than Rs. 6.00 Lakh per annum
Qualification	: Graduation (in any stream at the time admission)
No. of Seats	: Bhopal-100, Indore-100, Mandideep-50

For admission please contact: Organization: PERFECT BANK COACHING
(Run by Perfect Samajik Avam Shiksha Samiti)
BHOPAL Dist.: Plot No.1 K.K. Plaza Top Floor, "A" Wing Zone-II M.P. Nagar, BHOPAL (M.P.) Group-B (Seat 100) 462011 Cont. No. 9425373881, 0755-2554888
INDORE Dist.: 210, 211 Apollo Trade Center, Geeta Bhawan Chauraha, INDORE (M.P.)-452001 Group-B (Seat 100) Cont. No. 98937 58250, 94253 73881
MANDIDEEP (Raisen): Near Bank of India/Mandi, Above Asha Hospital, MANDIDEEP (RAISEN) Group-C (Seat 50) (M.P.)-462046, Cont. No. 9406865930, 9425373881
Email Id: perfectbankcoaching23@gmail.com
R-46247/2021

भारत सरकार, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित
निःशुल्क कोचिंग योजना (F.Y. 2021-22)
Under NAYA SAVERA
"The Free Coaching and Allied Scheme" for Minority Students
Minority Category: Jain, Muslim, Christian, Sikh, Budhist, Parsi

Stipend	: Rs. 2500 per month × 4 = Rs.10,000/- per student
Course Name	: Group-B & C (Bank, Railway, SSC Exams)
Duration	: 04Months
Family Income	: Not more than Rs. 6.00 Lakh per annum
Qualification	: Graduation (in any stream at the time admission)
No. of Seats	: Bhopal-50, Sehore-50

For admission please contact: Organization: TANISHK COACHING
(Run by Tanishk Shikshan Avam Samaj Kalyan Sanstha Samiti)
Venue: Plot No.1 K.K. Plaza top Floor, "B" Wing Zone-II M.P. Nagar, BHOPAL (M.P.)-462011, Contact No. 9009844217, 8878053086
Venue: Above United India Insurance, Vedanta Building, Bhopal Naka, Main Road SEHORE (M.P.)-466001 Contact No. 7987430895, 9009844217
Email Id: tanishksamaj99@gmail.com
R-46248/2021

Agrani COURSES
POWERED BY KSG
" UPSC में 2000 से अधिक सिलेक्शन देने के बाद SSC, BANKING, RAILWAY, INSURANCE और VYAPAM को समर्पित KSG का प्रतिबद्ध संस्थान "
एक सम्पूर्ण समाधान, जो आपको रखे SSC, BANKING, RAILWAY, INSURANCE और VYAPAM की परीक्षाओं में अग्रणी!
COURSES WE OFFER
SSC
Banking
Railway
MP (SI)
Constable
Patwari
Labour Inspector
All One Day Exams
माध्यम हिंदी एवं अंग्रेजी
FREE DEMO CLASSES
NEW BATCH STARTED FROM 15th NOVEMBER
संपर्क करे 0755 4281 148 | 834 9181 148
131/13 Zone II, M. P. Nagar, Bhopal
Shreeram
R-46249/2021

वर्ष 38, अंक 48 29.11.2021 से 05.12.2021
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार वनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

कृषि विकास और परिवर्तन के केंद्र बिंदु हैं कृषि विश्वविद्यालय

हमारे कृषि विश्वविद्यालय कृषि विकास और परिवर्तन के केंद्र बिंदु हैं। विश्वविद्यालयों को वैश्विक बाजार की मांग के अनुसार राज्य में कृषि उत्पादन बढ़ाने के उपाय बताने चाहिये। उपरोक्त बातें राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहीं। राज्यपाल ग्वालियर में राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि किसानों की आय को दोगुना करने के प्रयासों को कृषि विश्वविद्यालय व्यावहारिक रूप प्रदान करें। विश्वविद्यालय गांवों में पायलट प्रोजेक्ट को मूर्त रूप देकर किसानों को उन्नत कृषि के लिये प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि कृषि मानव सभ्यता के उद्भव और विकास का आधार है। इसलिये यह जरूरी है कि कृषि के क्षेत्र में अध्ययन और अनुसंधान परिवर्तनशील चुनौतियों के अनुरूप हो। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश की कृषि प्रधान व्यवस्था को सक्षम और सम्पन्न बनाने के लिये राज्य सरकार किसानों को सम्मान निधि के रूप में प्रति वर्ष 10 हजार रुपये दे रही है। साथ ही कृषि के क्षेत्र में कई नवाचार भी सरकार ने किये हैं। कृषि अधोसंरचना को मजबूत बनाने के लिये सरकार ने कृषि अवसंरचना कोष की स्थापना की है। इसके माध्यम से वर्ष 2020-21 में 7500 करोड़ रुपये उपलब्ध कराये गये हैं। सिंचाई सुविधा को आगामी 5 वर्षों में 65 लाख हेक्टेयर क्षेत्र तक पहुंचाने का लक्ष्य भी रखा है। उन्होंने कहा कि किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य की बजाय अधिकतम खुदरा मूल्य पर फसल बेचें और देश-विदेश के बड़े बाजारों तक कृषि उत्पाद पहुंचे, इसके लिये प्रदेश में आधुनिक मंडियां, फूड पार्क और आधुनिक वेयर हाउस की श्रृंखला का निर्माण मिशन मोड पर हो रहा है। राज्यपाल ने कहा कि देश में दूसरी हरित क्रांति की आवश्यकता है जो अधिक व्यापक, अधिक समावेशी और अधिक टिकाऊ हो। साथ ही हमारे प्राकृतिक संसाधनों का कम से कम उपयोग किये बिना उत्पादन में बढ़ोत्तरी संभव हो। इसके लिये किसानों को उपयुक्त तकनीक और कृषि की नवीन प्रथाओं के जरिये, उन्हें जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को अनुकूलित करने के लिये सक्षम बनाकर खाद्य सुरक्षा में बढ़ोत्तरी के प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि किसानों को कृषि उद्यमियों के रूप में देखा जाये, जो कॉर्पोरेट उद्यमियों के साथ व्यापार करने में सक्षम और कुशल हों। इस अवसर पर किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने दीक्षांत समारोह में उपाधियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनायें दीं। साथ ही आह्वान किया कि हमारी पढ़ाई केवल अपने एवं अपने परिवार के विकास के लिये ही नहीं हो, बल्कि समाज एवं राष्ट्रोत्थान में उसका योगदान होना चाहिये। केवल सरकार और निजी क्षेत्र की नौकरियां पाना ही उद्देश्य न हो। हमारा उद्देश्य यह हो कि गरीबी और बेरोज़गारी मिटाकर देश को आत्मनिर्भर बनायें। आप सब नौकरी पाने वाले नहीं नौकरी देने वाले बनें। श्री पटेल ने कहा कि यह पढ़ाई इस काम आये कि कृषि उत्पादन बढ़े और खेती लाभ का धंधा बने। खेती की लागत कैसे कम हो, इसके लिये सभी विद्यार्थी काम करें। उन्होंने कहा कि देश में छोटे कृषकों की संख्या ज्यादा है, इन सभी के कल्याण के लिये आप सब नये-नये आविष्कार करें। साथ ही ऐसे नवाचार सामने लायें, जिससे देश का हर किसान अच्छी खेती के साथ फूड प्रोसेसिंग अपनाकर आगे बढ़े, तभी देश खुशहाल होगा। इस अवसर पर उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुये कहा कि आप सबने विश्वविद्यालय से कृषि के क्षेत्र में जो ज्ञान अर्जित किया है वह लघु एवं सीमांत किसानों के उत्थान में उपयोगी साबित होगा। उन्होंने ग्वालियर के कृषि विश्वविद्यालय द्वारा किसानों के कल्याण के लिये किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। साथ ही कहा कि किसानों की आय को दोगुना करने के लिये प्रदेश सरकार द्वारा उद्यानिकी फसलों के भंडारण के लिये कोल्ड चेन का विकेंद्रीकरण कर गांव-गांव तक कोल्ड स्टोरेज बनवाये जा रहे हैं। सरकार 500 मीट्रिक टन से लेकर 800 मीट्रिक टन तक के कोल्ड स्टोरेज बनाने के लिये अनुदान देती है। किसान अब अपने खेत पर ही कोल्ड स्टोर बना सकते हैं।

कैंसर के इलाज में मददगार है घातक परजीवी

कैंसर एक ऐसा रोग है, जिसका नाम सुनते ही व्यक्ति तनाव में आ जाता है। कैंसर का इलाज अब भी दुरूह है, लेकिन इसके मरीजों के लिये एक शोध के जरिये नयी उम्मीद जगी है। गर्भवती महिलाओं और कमजोर प्रतिरक्षा तंत्र वाले लोगों के खराब स्वास्थ्य के लिये एक घातक परजीवी को जिम्मेदार माना जाता है, मगर यह घातक परजीवी कैंसर समेत विभिन्न प्रकार के ट्यूमर जो कैंसर का कारण बन सकते हैं, उनके इलाज में मददगार साबित हो सकता है। एक नये अध्ययन में ये निष्कर्ष सामने आये हैं। नार्टिंघम विश्वविद्यालय, निगंबो विश्वविद्यालय और चीन में शाक्सी कृषि विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों ने संयुक्त रूप से इस अध्ययन को किया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि एक घातक परजीवी कुछ प्रकार के ट्यूमर के खिलाफ उपचार की प्रभावशीलता में सुधार करता है, तो वहीं कुछ तरह के कैंसर को खत्म करने और ट्यूमर की प्रगति को रोकने के लिये महत्वपूर्ण है। इस नये अध्ययन में शोधकर्ताओं ने खुलासा किया कि दुनियाभर में पाया जाने वाला यह सामान्य परजीवी कोल्ड ट्यूमर को संवेदनशील बना देता है। इस प्रकार का ट्यूमर शरीर की मजबूत प्रतिरक्षा के काम को बाधित करता है। इससे इम्यून चेक प्वाइंट ब्लाकेड थेरेपी प्रभावित होती है। शोधकर्ताओं का मानना है कि यह अध्ययन विभिन्न प्रकार के कैंसर के इलाज में काम आ सकता है। शोधकर्ताओं के मुताबिक टोक्सोप्लाज्मा गोंडी परजीवी कैंसर के उपचार में मददगार है। यह एक प्रकार का एक कोशिकीय प्रोटोजोआ है, जो गर्म खून वाले प्राणियों को संक्रमित करता है। यह प्रोटोजोआ दुनियाभर में लगभग एक तिहाई इंसानी आबादी में पाया जाता है। अध्ययन के तहत शोधकर्ताओं ने सबसे पहले टोक्सोप्लाज्मा गोंडी का सीमित विकास क्षमता वाला एक म्यूटेटेड स्ट्रेन बनाया। यह प्रयोग कोशिकीय कल्चर तथा चूहों पर किया गया। यह स्ट्रेन प्रतिरक्षा तंत्र में बदलाव करने में सक्षम था। उपचार में प्रयोग करने के लिये शोधकर्ताओं ने म्यूटेटेड परजीवी इंजेक्शन के जरिये सीधे ट्यूमर तक पहुंचाया। इससे ठोस ट्यूमर में इंफ्लेमेट्री प्रतिक्रिया तो हुई ही साथ ही चूहों के शरीर में स्थित ट्यूमरों पर भी असर देखा गया। उन्होंने यह भी पाया कि इस प्रक्रिया में ट्यूमर का इलाज ज्यादा प्रभावी पाया गया।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस 25 नवम्बर

अधिकार नहीं, उन्हें है समानता की चाह

क्योंकि मैं लड़की हूं, मुझे पढ़ना है
एक पिता अपनी बेटी से कहता है-
पढ़ना है! पढ़ना है! तुम्हें क्यों पढ़ना है?
पढ़ने को बेटे काफी हैं, तुम्हें क्यों पढ़ना है?
बेटी पिता से कहती है-
जब पूछा ही है तो सुनो मुझे क्यों पढ़ना है
क्योंकि मैं लड़की हूं मुझे पढ़ना है
पढ़ने की मुझे मनाही है सो पढ़ना है
मुझ में भी तरुणाई है सो पढ़ना है
सपनों ने ली अंगड़ाई है सो पढ़ना है
कुछ करने की मन में आई है सो पढ़ना है
क्योंकि मैं लड़की हूं मुझे पढ़ना है
मुझे दर-दर नहीं भटकना है सो पढ़ना है
मुझे अपने पांवों चलना है सो पढ़ना है
मुझे अपने डर से लड़ना है सो पढ़ना है
मुझे अपने आप ही गढ़ना है सो पढ़ना है
क्योंकि मैं लड़की हूं मुझे पढ़ना है
कई जोर जुल्म से बचना है सो पढ़ना है
कई कानूनों को परखना है सो पढ़ना है
मुझे नए धर्मों को रचना है सो पढ़ना है
मुझे सब कुछ ही तो बदलना है सो पढ़ना है
क्योंकि मैं लड़की हूं मुझे पढ़ना है
हर ज्ञानी से बतियाना है सो पढ़ना है
मीरा का गाना गाना है सो पढ़ना है
मुझे अपना राग बनाना है सो पढ़ना है
अनपढ़ का नहीं जमाना है सो पढ़ना है
क्योंकि मैं लड़की हूं मुझे पढ़ना है।

भारत की जानी मानी लेखिका और महिला अधिकार कार्यकर्ता कमला भसीन की यह कविता सिर्फ एक बेटी के सपनों और शिक्षा के महत्व की बात नहीं करती है, बल्कि समाज में महिलाओं के विरुद्ध होने वाली हिंसा और लैंगिक भेदभाव की ओर भी इंगित करती है। समाज में भले ही संवैधानिक दृष्टि से स्त्री और पुरुष के पास समान अधिकार हों, लेकिन सामाजिक नजरिये से भेदभाव की लकीर बड़ी लंबी है और यही लकीर स्त्रियों के खिलाफ हिंसा को जन्म देती है। महिलाओं के साथ होने वाली इस हिंसा को रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस 25 नवम्बर को प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस दिवस को पूरे विश्व में महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा को रोकने के लिए मनाया जाता है। यह अभियान पूर्व संयुक्त राष्ट्र महासचिव बान की-मून की महिलाओं के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने के लिए एकजुट होने के अभियान का एक हिस्सा है। संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव बान की मून ने इस दिवस पर 'महिलाओं और लड़कियों पर हो रही हिंसा के खिलाफ सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की थी।' संयुक्त राष्ट्र ने महिलाओं के अधिकारों हेतु 'ही फॉर सी' (He For She) नाम से एक वैश्विक अभियान की शुरुआत 2014 में की थी, जिसका उद्देश्य स्टीरियोटाइप को खत्म कर लैंगिक समानता के लिए लोगों को एक करना था। इसे 25 नवम्बर को ही इसलिए मनाया जाता है, क्योंकि 25 नवम्बर, 1960, डोमिनिकन गणराज्य के तानाशाह शासक राफेल ट्रुजिलो (1930-1961) के आदेश पर तीन बहनों, पैट्रिया मर्सिडीज मिराबैल, मारिया अर्जेंटीना मिनेर्वा मिराबैल तथा एंटोनिया मारिया टेरेसा मिराबैल की 1960 में क्रूरता से हत्या कर दी थी। इन तीनों बहनों ने ट्रुजिलो की तानाशाही का कड़ा विरोध किया था। महिला अधिकारों के समर्थक और कार्यकर्ता वर्ष 1981 से इस दिन को इन तीनों बहनों की मृत्यु की स्मृति के रूप में मनाते हैं। 1999 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में एकमत से यह निर्णय लिया गया कि 25 नवम्बर को महिलाओं के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय हिंसा उन्मूलन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। वर्ष 2000 में इसे मनाने की शुरुआत की गई। संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि महिलाओं के खिलाफ

हिंसा मानवाधिकार का उल्लंघन है और इसके पीछे की वजह महिलाओं के साथ घर से लेकर समाज में होने वाला भेदभाव है। संयुक्त राष्ट्र की वेबसाइट पर उल्लेखित तथ्य के अनुसार महिलाओं के खिलाफ हिंसा का मामला शिक्षा, गरीबी, एचआईवी और एड्स के अलावा सुरक्षा और शांति के साथ जुड़ा है।

अब महिलाओं के खिलाफ खत्म हो हिंसा

हर वर्ष महिला हिंसा उन्मूलन दिवस एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2021 की इसकी थीम Orange the World : End Violence against Women Now! अर्थात् अब महिलाओं के खिलाफ खत्म हो हिंसा है। दुनिया में तीन में से एक महिला अपने जीवनकाल में दुर्व्यवहार का शिकार कभी न कभी होती है, संकट के समय में यह तादाद और ज्यादा बढ़ जाती है, कोविड-19 महामारी हो या हाल ही में हुई कोई अन्य मानवीय त्रासदी, प्राकृतिक आपदा सभी में यह बात सामने आई है। संयुक्त राष्ट्र की महामारी के काल में 13 देशों के आंकड़ों पर आधारित रिपोर्ट से पता चला है कि तीन में से दो महिलाओं ने स्वयं या फिर उनकी जानने वाली महिला ने किसी न किसी रूप में हिंसा का सामना किया है। 10 में से सिर्फ एक महिला ही पुलिस के पास मदद मांगने के लिए गई। इसे रोका जा सकता है और रोकना भी चाहिए। इस हिंसा को रोकने के लिए पीड़ित पर विश्वास करने, व्यापक और सही दृष्टिकोण अपनाने से शुरू होता है जो मूल कारणों से निपटते हैं, हानिकारक सामाजिक मानदंडों को बदलते हैं और महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाते हैं। पीड़ित की मदद के लिए केंद्रित आवश्यक सेवाओं जैसे पुलिस, न्याय, स्वास्थ्य और सामाजिक क्षेत्र और महिलाओं के अधिकारों के एजेंडे के लिए पर्याप्त वित्त पोषण की आवश्यकता है।

सोलह दिन की सक्रियता एक पहल

25 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक के बीच का समय महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा को समाप्त करने के लिए चिन्हित किया गया है। 16 दिनों की सक्रियता की एक पहल, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस 10 दिसम्बर तक चलायी जाती है। 2008 से संयुक्त राष्ट्र महासचिव और संयुक्त राष्ट्र महिला के नेतृत्व में इस अभियान का उद्देश्य दुनियाभर में महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा को रोकना और समाप्त करना है, जागरूकता बढ़ाने, महिलाओं के मुद्दों को लेकर मुखर होने, चुनौतियों और समाधानों पर चर्चा करने के अवसर को जन्म देने के लिए विश्व स्तरीय कार्रवाई का आह्वान करना है। हिंसा मुक्त भविष्य की आवश्यकता को याद करने के लिए प्रतिष्ठित इमारतों और स्थलों को ऑरेन्ज कलर से सजाया जाएगा। तो अगर आप नारंगी रोशनी देखते हैं, तो इसके मायने भी याद रखिए।

लैंगिक समानता की दिशा में हो रहे नवाचार

केरल स्कूल में लड़के और लड़कियों, दोनों के लिए एक जैसी ड्रेस लागू कर दी गई है। इस पहल से बच्चों में स्कूल के दौरान ही जेंडर इक्वालिटी, यानी सभी जेंडर को बराबर समझने की सोच विकसित होगी। केरल के एर्नाकुलम जिले के वलयंचिरंगरा में एक सरकारी स्कूल है। इस स्कूल ने अपने स्टूडेंट्स के लिए जेंडर न्यूट्रल यूनिफॉर्म तैयार की है। जेंडर न्यूट्रल यूनिफॉर्म, यानी ऐसी यूनिफॉर्म जिसे लड़के और लड़कियां दोनों पहन सकें। स्कूल ने अपने सभी स्टूडेंट्स के लिए शर्ट और 3/4 शॉर्ट्स यूनिफॉर्म निर्धारित की हैं। यानी, लड़का हो या लड़कियां दोनों अब शर्ट और शॉर्ट्स पहनकर स्कूल जाएंगे। ऐसा इसलिए किया, क्योंकि केरल के इस स्कूल ने 2018 में प्री-प्राइमरी के करीब 200 स्टूडेंट्स के लिए जेंडर न्यूट्रल ड्रेसकोड लागू किया था। अगले ही साल इस ड्रेस कोड को स्कूल के सभी स्टूडेंट्स के लिए लागू करने की योजना थी, लेकिन कोरोना की वजह से स्कूल बंद हुए और ये काम नहीं हो पाया। लॉकडाउन के बाद जैसे ही स्कूल दोबारा खुले ये ड्रेस कोड सभी स्टूडेंट्स के लिए लागू कर दिया गया। इस फैसले को लेने से पहले स्टूडेंट्स और पेरेंट्स की सहमति ली गई। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि फैसले से स्टूडेंट्स और पेरेंट्स दोनों बहुत खुश हैं। हाल ही में केरल के एक कॉलेज ने एक महिला प्रोफेसर को साड़ी पहनकर कॉलेज आने को कहा था। प्रोफेसर ने ऐसा करने से मना कर दिया था। मामले के तूल पकड़ने के बाद केरल के उच्च शिक्षा विभाग ने सर्कुलर जारी कर कहा था कि महिलाओं को वर्कप्लेस पर अपनी पसंद के कपड़े पहनने की आजादी है। स्कूल ने यह निर्णय दरअसल, जेंडर इक्वालिटी के तहत किए जा रहे प्रयासों का एक छोटा हिस्सा है। इस पहल के तहत महिला-पुरुषों के बीच लिंग के आधार पर हो रहे भेदभाव को खत्म करना है। इसी वजह से लंबे समय से जेंडर न्यूट्रल ड्रेस कोड की मांग की जा रही थी। इसी पहल को आगे बढ़ाते हुए स्कूल ने ये फैसला लिया है। फैसले की तारीफ करते हुए केरल के शिक्षामंत्री वी सिवाकुट्टी ने कहा है कि जेंडर इक्वालिटी के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें इस तरह के प्रयासों की और जरूरत है। विशेषज्ञों का मानना है कि जेंडर इक्वालिटी की सूझबूझ बच्चों में स्कूल से ही होनी चाहिए। इसलिए दुनियाभर के अलग-अलग स्कूलों में जेंडर इक्वालिटी को प्रमोट करने के लिए अलग-अलग इनीशिएटिव लिए जा रहे हैं। दुनियाभर के स्कूल्स में जेंडर न्यूट्रल टॉयलेट्स भी इंट्रोड्यूस किए जा रहे हैं।

जेंडर न्यूट्रल टॉयलेट्स, यानी ऐसे टॉयलेट्स जिसका इस्तेमाल तीनों जेंडर के बच्चें कर सकते हैं। स्कूल्स के अलावा पब्लिक प्लेसेस पर भी इस तरह के टॉयलेट्स इंस्टॉल किए जा रहे हैं। कई देश अपने स्कूल और कॉलेज सिलेबस को मॉडिफाई कर उसे जेंडर सेंसिटिव बनाने पर काम कर रहे हैं। इसमें सिलेबस में बदलाव से लेकर टीचर्स की ट्रेनिंग तक के प्रोग्राम शामिल हैं। केरल के शिक्षामंत्री ने भी कहा है कि जेंडर इक्वालिटी के बारे में जागरूक करने के लिए सिलेबस में भी बदलाव किए जाएंगे। भले ही इस इनीशिएटिव को भारत के चुनिंदा स्कूल्स ने ही फॉलो किया था, लेकिन इसे सफल इनीशिएटिव माना जाता है। इसके तहत स्कूलों में पीरियड बॉक्स लगाए गए। इन बॉक्स में पीरियड के वक्त इस्तेमाल की जाने वाले सैनेटरी पैड और नैपकिन रखे जाते थे। साथ ही पीरियड और इससे जुड़े सवालों पर स्कूल्स में क्वेश्चन-आंसर सेशन ऑर्गनाइज किए जाते थे। सबसे पहले केन्या में स्टूडेंट्स के लिए कंसेंट क्लासेस ऑर्गनाइज की गई थी। उसके बाद कई देशों ने इस पहल को आगे बढ़ाया। इस तरह की क्लासेस में फीमेल स्टूडेंट्स को कंसेंट का मतलब बताने के साथ ही सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग भी दी गई थी।

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
म.प्र. लोक निर्माण विभाग, संभाग अशोकनगर (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 06/वर्ष 2021-22/का.यं. **अशोकनगर, दिनांक : 17.11.2021**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	1. धरोहर राशि 2. निविदा प्रपत्र की राशि
1.	2021_PWDRB_168559_1	वार्षिक मरम्मत	उपसंभाग अशोकनगर के अशोकनगर सेक्शन के अंतर्गत (1) भादौन राजपुर छीपोन मार्ग कि.मी. 1 से 5 एवं 15 से 20/6 लंबाई 9.70 कि.मी., (2) अशोकनगर माता मंदिर सिरसी पिपरई मार्ग लं. 14.00 कि.मी. एवं (3) खजूरिया महुआलमपुर से डोंगरा बामोरा मार्ग लं. 9.12 कि.मी. कुल लंबाई 32.82 कि.मी. में बी.टी. रिन्युवल कार्य।	द्वितीय	328.06	1. रु. 328060/- 2. रु. 15000/-
2.	2021_PWDRB_168560_1	वार्षिक मरम्मत	उपसंभाग अशोकनगर के शाढौरा एवं ईसागढ़ सेक्शन के अंतर्गत (1) पिपरिया रॉय से बमोरीताल मार्ग लं. 4.59 कि.मी., (2) मधनेर से सेमराहाट मार्ग लं. 9.14 कि.मी., (3) शाढौरा कुन्दौरा मार्ग लं. 10.00 कि.मी., (4) ईसागढ़ डेंगा मौचार से पिपरिया नयागांव मार्ग लं. 8.46 कि.मी. एवं (5) ईसागढ़ कदवाया मार्ग से देवकानी माता मंदिर मार्ग लं. 3.80 कि.मी. कुल लंबाई 35.99 कि.मी. बी.टी. रिन्युवल कार्य।	द्वितीय	279.32	1. रु. 279320/- 2. रु. 15000/-
3.	2021_PWDRB_168561_1	वार्षिक मरम्मत	उपसंभाग मुंगावली के अंतर्गत (1) रेल्वे स्टेशन रेहटवास से अशोकनगर पिपरई मार्ग लं. 1.68 कि.मी. एवं (2) डिपो रोड मुंगावली लं. 1.40 कि.मी. कुल लंबाई 3.08 कि.मी. में बी.टी. रिन्युवल कार्य।	द्वितीय	23.55	1. रु. 47100/- 2. रु. 5000/-
4.	2021_PWDRB_168562_1	वार्षिक मरम्मत	उपसंभाग अशोकनगर के अनुभाग शाढौरा एवं ईसागढ़ के अंतर्गत वर्ष 2021-22 हेतु शासकीय आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत, वार्षिक मरम्मत एवं विशेष मरम्मत व अन्य संधारण कार्य।	द्वितीय	5.00	1. रु. 10,000/- 2. रु. 2000/-
5.	2021_PWDRB_168563_1	वार्षिक मरम्मत	वर्ष 2021-22 हेतु उपसंभाग मुंगावली के अंतर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों का रंगाई, पुताई एवं इससे संबंधित अन्य संधारण कार्य।	द्वितीय	5.00	1. रु. 10,000/- 2. रु. 2000/-
6.	2021_PWDRB_168564_1	वार्षिक मरम्मत	उपसंभाग मुंगावली अंतर्गत न्यायालय परिसर मुंगावली में पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य।	प्रथम	6.04	1. रु. 12080/- 2. रु. 2000/-
			योग :-		**646.97**	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 06.12.2021, (17.30) बजे** निर्धारित है। निविदा दिनांक 08.12.2021 को, (12.00) बजे खोली जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री

जी-19474/46211/2021 **लो.नि.वि. संभाग, अशोकनगर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मुसाखेड़ी, इंदौर

ई-मेल - eephedind@nic.in

क्रमांक 5078/निविदा/लो.स्वा.यां.खंड/2021 **इंदौर, दिनांक : 17.11.2021**

निविदा सूचना क्र. 01/2021-22

इंदौर जिले के विकासखण्ड महू के विभिन्न ग्रामों में "जल जीवन मिशन" अंतर्गत पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन, आर.सी.सी. संपवेल कम पंप हाउस, मोटर पंप एवं अन्य संबंधित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिनके टेण्डर आई.डी. क्रमशः **2021_PHED_168510_1** है। समस्त कार्यों की कुल अनुमानित लागत रु. 333.28 लाख है। उपरोक्त निविदाओं में ऑनलाइन निविदा दर डालने की **अंतिम तिथि 01.12.2021 दोपहर 03.00 बजे** तक निर्धारित है। धरोहर राशि एवं अन्य विस्तृत विवरण ई-टेण्डर पोर्टल (**http://www.mptenders.gov.in**) पर देखा जा सकता है। निविदाओं में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही प्रकाशित किये जावेंगे।

कार्यपालन यंत्री एवं सदस्य सचिव

जी-19458/46208/2021 **जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, इंदौर**

कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
इंदौर मण्डल इंदौर, आयुक्त कार्यालय परिसर, मोती बंगला, इंदौर

दूरभाष 0731 (2430050), ई-मेल seresindore@mp.gov.in

क्रमांक/1305/लेखा/ग्रायांसेवा/2021 **इंदौर, दिनांक : 16.11.2021**

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक - 04/2021-22

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ऑनलाइन पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in** के माध्यम से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग इंदौर/धार के निर्माण कार्यों की निविदा सिस्टम टेण्डर नं. 2021_RES_167974, 2021_RES_168005, 2021_RES_168007, 2021_RES_168011, 2021_RES_168014, 2021_RES_168016, 2021_RES_168019, 2021_RES_168021, 2021_RES_168022, 2021_RES_168025, 2021_RES_168028, 2021_RES_168031 एवं 2021_RES_168033, द्वारा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की प्रारंभ तिथि 22.11.2021 समय 14.00 बजे से तथा ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत करने की प्रारंभ तिथि 23.11.2021 एवं ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 29.11.2021 समय 17.30 बजे तक। निविदा खोले जाने की **दिनांक 06.12.2021** को इस कार्यालय में खोले जावेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने हेतु विस्तृत निविदा व अन्य विवरण वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर एवं कार्यालयीन समय में देखे जा सकते हैं।

अधीक्षण यंत्री

जी-19479/46212/2021 **ग्रामीण यांत्रिकी सेवा इंदौर मण्डल इंदौर**

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय तुलसी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अनूपपुर (म.प्र.)

क्रमांक/1173/स्था./2021 **अनूपपुर, दिनांक : 16.11.2021**

विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल के आदेश क्रमांक 1589/608/2015/38-1 भोपाल, दिनांक 25.08.2021 के परिपालन में मध्यप्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में आउटसोर्स के पदों की पूर्ति हेतु नवीन निर्देश जारी होने तक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में महाविद्यालयों के अग्रणी प्राचार्यों द्वारा नियमानुसार आउटसोर्स पर कर्मचारी रखे जाने की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। अनूपपुर जिले के शासकीय महाविद्यालयों में आउटसोर्स पद पूर्ति के लिए शासन द्वारा मान्यता प्राप्त एवं पात्र आउटसोर्स एजेंसी से सीलबंद लिफाफे में कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं। एक छोटे लिफाफे में कमीशन की दर एवं धरोहर की राशि की एफ.डी.आर. रखे एवं इस लिफाफे को अन्य सहपत्रों को बड़े लिफाफे के साथ GST Reg. 25, स्थापना का पंजीयन प्रमाण-पत्र, आपकी एजेंसी द्वारा राज्य बीमा निगम की उचित धारा के अंतर्गत कर्मचारियों का पंजीयन का प्रमाण-पत्र, पुलिस विभाग का प्रमाण-पत्र आपकी एजेंसी द्वारा नियुक्त कर्मचारी किन संस्थाओं में कार्यरत हैं, उसकी सूची आदि लगाएं। कोटेशन के साथ धरोहर राशि का प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय अनूपपुर के नाम पर संलग्न करना आवश्यक है। वित्तीय वर्ष 2021-22 का टर्न ओवर दर्शाती चार्टर्ड अकाउंटेंट की अंकेक्षण रिपोर्ट भी संलग्न करें। कोटेशन इस विज्ञापन के **प्रथम प्रकाशन के 21 दिवस के अंदर** शासकीय महाविद्यालय अनूपपुर, जिला अनूपपुर (म.प्र.) में पंजीकृत डाक से या स्वयं कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। कोटेशन नियत दिनांक के आगामी कार्य दिवस में क्रय समिति द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में खोले जाएंगे, जिसमें कोटेशन देने वाले या उसका प्रतिनिधि उपस्थित रह सकता है, जिसकी पृथक से सूचना नहीं दी जाएगी।

उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट **www.highereducation.mp.gov.in** में नवीन निर्देश/विज्ञप्ति ऑप्शन में विस्तृत विवरण देखें।

क्र.	महाविद्यालय का नाम	सहा. वर्ग-2	सहा. वर्ग-3	प्रयो.तक.	योग
1.	शासकीय महाविद्यालय अनूपपुर	-	-	03	03
2.	शासकीय महाविद्यालय जैतहरी	01	01	06	08
3.	शासकीय महाविद्यालय बिजुरी	01	01	04	06
4.	शासकीय महाविद्यालय राजनगर	-	01	-	01
5.	शासकीय महाविद्यालय वेंकटनगर	-	01	01	02
6.	शासकीय महाविद्यालय पुष्पराजगढ़	-	-	04	04
7.	शासकीय कन्या महाविद्यालय अनूपपुर	-	01	01	02
	योग :-	**02**	**05**	**19**	**26**

ब. आउटसोर्स के पद - चतुर्थ श्रेणी

क्र.	महाविद्यालय का नाम	प्रयो.परि.	बुक लिफ्टर	भृत्य	स्वीपर	चौकीदार	योग
1.	शासकीय महाविद्यालय अनूपपुर	03	-	-	-	-	03
2.	शासकीय महाविद्यालय जैतहरी	06	01	01	01	01	10
3.	शासकीय महाविद्यालय बिजुरी	04	01	01	01	01	08
4.	शासकीय महाविद्यालय राजनगर	-	01	01	01	01	04
5.	शासकीय महाविद्यालय वेंकटनगर	01	01	01	01	03	07
6.	शासकीय महाविद्यालय पुष्पराजगढ़	04	-	-	-	-	04
7.	शासकीय कन्या महाविद्यालय अनूपपुर	01	01	01	01	03	07
	योग :-	**19**	**5**	**5**	**5**	**9**	**43**

उपरोक्तानुसार आउटसोर्स के अराजपत्रित 69 पदों - (अ+ब) का श्रेणीवार विवरण निम्नानुसार है -

तृतीय श्रेणी	चतुर्थ श्रेणी	कुल पद
26	**43**	**69**

निविदा प्रपत्र कार्यालय प्राचार्य अग्रणी, शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर, जिला अनूपपुर से निविदा प्रकाशन के **प्रथम दिनांक से 21 दिवस तक (निविदा जमा करने की अंतिम तिथि तक)** कार्यालयीन समय में भारतीय स्टेट बैंक अनूपपुर के खाता क्र. 10724481880, IFSC - SBIN0002821 में जमा कर पावती प्रस्तुत कर प्राप्त किया जा सकता है।

प्राचार्य

जी-19469/46210/2021 **शास. तुलसी महा. अनूपपुर, जिला अनूपपुर (म.प्र.)**

निविदा आमंत्रण सूचना (ई-पद्धति)

मध्यप्रदेश शासन, नर्मदा घाटी विकास विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता

रानी अवंती बाई लोधी सागर, परियोजना बरगी हिल्स, जबलपुर (म.प्र.)

ज्ञाप क्र. 11/एम/सा-2/2021-22 **दिनांक : 16.11.2021**

निविदा सूचना आमंत्रण (द्वितीय आमंत्रण)

मध्यप्रदेश पी.डब्ल्यू.डी. विभाग में केन्द्रीयकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों एवं अपंजीकृत ख्याति प्राप्त फर्में जो पंजीकरण मापदण्डों को पूरा करती है, से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन प्रतिशत दरों में निविदा आमंत्रित की जाती है।

स. निविदा क. क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रुपये में)	धरोहर राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1. 17/सा./मु.अ./2021-22 दिनांक 16.11.21 (द्वितीय आमंत्रण)	रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना की करेली वितरण नहर की आफटेक आर.डी. 2.30 कि.मी. से निकलने वाली विछुआ माइनर की आर.डी. 0.00 कि.मी. से आर.डी. 5.840 कि.मी. एवं चंदेली माइनर की आर.डी. 0.00 कि.मी. से आर.डी. 4.00 कि.मी. से सी.सी. लाइनिंग का निर्माण कार्य।	रु. 211.84 लाख (दो सौ ग्यारह लाख चौरासी हजार मात्र) (यू.सी.एस. आर. 01/09/2017 पर लागू)	रु. 212000/- (दो लाख बारह हजार रुपये मात्र)	रु. 12500/- (बारह हजार पांच सौ रुपये मात्र)	12 माह वर्षाकाल छोड़कर
2. 18/सा./मु.अ./2021-22 दिनांक 16.11.21 (द्वितीय आमंत्रण)	रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना की करेली वितरण नहर की 07 माइनरें (मवई, झांसी रायखेड़ा, वेलखेडी, विछुआ टेल, पिपरिया सब माइनर एवं बूढ़ीमवई) एवं देवरी वितरण नहर की 05 माइनरें पिंडरई-3, तिघरा, वगलई, चरगुवां, ऊमरा) की सी.सी. लाइनिंग का कार्य।	रु. 198.01 लाख (एक सौ अन्ठान्नवे लाख एक हजार मात्र) (यू.सी.एस आर. 01/09/2017 पर लागू)	रु. 199000/- (एक लाख निन्नानवे हजार रुपये मात्र)	रु.12500/- (बारह हजार पांच सौ रुपये मात्र)	12 माह वर्षाकाल छोड़कर

1. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये **www.mptenders. gov.in** का अवलोकरन करें।
2. निविदा प्रपत्र डेबिट कार्ड या इन्टरनेट एकाउंट से भुगतान करने के उपरांत केवल ऑनलाइन निविदा क्रय की जा सकती है।
3. ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक एवं समय **दिनांक 29.11.2021 सायं 17.30 बजे तक।**
4. निविदा में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो वह केवल वेबसाइट पर दर्शाया जायेगा। समाचार पत्र में नहीं।

मुख्य अभियंता

जी- 19426/46201/2021 **रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना बरगी हिल्स, जबलपुर**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी क्षेत्र-इंदौर

सूचना क्रमांक 01/2021, दिनांक : 23.11.2021

आयोग द्वारा जारी विज्ञापनों हेतु ऑनलाइन आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने की असुविधा पुनः प्रारम्भ करने के संबंध में

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 13.12.2021

01 कोविड की परिस्थितियों तथा अन्य अपरिहार्य कारणों से शैक्षणिक सत्रों में विलंब के दृष्टिगत निम्न विज्ञापनों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा पुनः प्रारम्भ की जा रही है :-

विज्ञापन क्रमांक/दिनांक	विज्ञापित पद
02/2021, दिनांक 08.02.2021	**सहायक संचालक संवर्ग** सामाजिक न्याय तथा निःशक्त जन कल्याण विभाग
03/2021, दिनांक 07.06.2021	**सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी** गृह विभाग
05/2021, दिनांक 23.06.2021	**उप पुलिस अधीक्षक (रेडियो)** गृह विभाग
06/2021, दिनांक 07.07.2021	**सहायक प्रबंधक** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
07/2021, दिनांक 20.09.2021	**पशु चिकित्सालय सहायक शल्यज्ञ** पशुपालन एवं डेयरी विभाग

02 उक्त सभी विज्ञापनों हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की सुविधा दिनांक 03.12.2021 दोपहर (12.00 बजे से) 13.12.2021 (रात्रि 12.00 बजे) तक **www.mponline.gov.in, www.mppsc.nic.in,** एवं **www.mppsc.com** पर उपलब्ध कराई जा रही है। ऑनलाइन आवेदन-पत्र में दिनांक 15.12.2021 तक विहित शुल्क का भुगतान कर त्रुटि सुधार भी किया जा सकेगा। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के संदर्भ में किसी जानकारी/शिकायत हेतु निम्न हेल्पलाइन पर संपर्क करें :- **हेल्पलाइन :- 0755-6720200**

04 उपरोक्त विज्ञापनों की विस्तृत जानकारी हेतु आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in** एवं **www.mppsc.com** का अवलोकन करें।

जी-19734/46250/2021 **उपसचिव**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र.1 जबलपुर

निविदा सूचना क्र. 19 वर्ष 2021-22 एसएसी **जबलपुर, दिनांक : 18.11.2021**

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों की निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त किये जा सकते हैं।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. डायरेक्टर स्किल डेवलपमेंट में डिपाजिट कार्य, एवं आधारताल सेक्शन के अंतर्गत अन्य मरम्मत कार्य।

ई-टेण्डर क्रमांक	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ईएमडी टेण्डर फीस एवं निविदा से संबंधित अन्य अभिलेख जमा करने हेतु
2021_PWDRBBR_2021_169002	प्रथम	5.00	10000/-	2000/-	4 माह वर्षाऋतु सहित	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. मु. उपसंभाग क्र. 3 के तहत सिटी सेक्शन के अंतर्गत आने वाले आवासीय/गैर आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत एस.आर. डिपाजिट के अंतर्गत कार्य।

2021_PWDRBBR_2021_169004	प्रथम	16.00	32000/-	2000/-	5 माह वर्षाऋतु सहित	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. मु. उपसंभाग क्र. 3 के तहत एम.एम.व्ही. सेक्शन के अंतर्गत आने वाले आवासीय/गैर आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत एस.आर. डिपाजिट के अंतर्गत कार्य।

2021_PWDRBBR_2021_169005	प्रथम	19.00	38000/-	2000/-	6 माह वर्षाऋतु सहित	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :- 4. अस्पताल सेक्शन के अंतर्गत एस.आर. के कार्य एवं अन्य कार्य।

2021_PWDRBBR_2021_169006	प्रथम	16.90	34000/-	2000/-	5 माह वर्षाऋतु सहित	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :- 5. मु. उपसंभाग के अंतर्गत मु. उप खंड के तहत कमिश्नर ऑफिस में एस.आर. के तहत कार्य एवं आवसीय एवं गैर आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य।

2021_PWDRBBR_2021_169130	प्रथम	13.90	28000/-	2000/-	5 माह वर्षाऋतु सहित	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :- 6. मु. उपसंभाग क्र. 3 के अंतर्गत मु. उपसंभाग के तहत मरम्मत एवं रिपेयरिंग कार्य।

2021_PWDRBBR_2021_169009	प्रथम	19.50	40000	2000/-	6 माह वर्षाऋतु सहित	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :- 7. एम.एम. व्ही. उपखंड के तहत संभागीय कार्यालय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बंगले, एवं अन्य बंगलों में मरम्मत कार्य।

2021_PWDRBBR_2021_169131	प्रथम	10.00	20000/-	2000/-	4 माह वर्षाऋतु सहित	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :- 8. मु. उपसंभाग क्र.3 के अंतर्गत कटंगा उप संभाग के तहत मरम्मत एवं रिपेयरिंग कार्य।

2021_PWDRBBR_2021_169011	प्रथम	17.50	35000/-	2000/-	5 माह वर्षाऋतु सहित	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :- 9. मु. उपसंभाग क्र.3 के अंतर्गत माननीय जज (एडीएम) श्री नागू के बंगले में मॉड्यूलर किचिन का कार्य, एल्युमीनियम खिड़की लगाने का कार्य एवं अन्य कार्य तथा अन्य बंगलों में मरम्मत कार्य।

2021_PWDRBBR_2021_169130	प्रथम	12.50	25000/-	2000/-	5 माह वर्षाऋतु सहित	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :- 10. लॉ. यूनिवर्सिटी (डीएलएनयू) में एल्युमिनियम पार्टीशन का कार्य।

2021_PWDRBBR_2021_169131	प्रथम	4.30	8600/-	2000/-	2 माह वर्षाऋतु सहित	केवल ऑनलाइन

कुल योग **134.60**

टीप :- (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की **प्रारंभिक तिथि 23.11.2021 10.30 से अंतिम तिथि 04.12.2021 17.30 बजे तक** है। अन्य तिथियां एवं विस्तृत विवरण व संशोधन ऑनलाइन वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुनः प्रकाशन नहीं कराया जावेगा। संशोधन सूचना कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री

जी-19591/46217/2021 **लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र.1 जबलपुर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग संभाग - मंदसौर

eepwdmandsaur0@gmail.com, फोन : 07422-255211

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 19/2021/22/एसएसी/ **मंदसौर, दिनांक : 17.11.2021**

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण **वेबसाइट mptenders. gov.in पर देखा** जा सकता है।

क्र.	टेण्डर रिफरेन्स क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)
1.	2021_PWDRB 168398_1	मंदसौर	Plan	देवरी से किकनिया मार्ग का निर्माण कार्य लम्बाई 3.95 कि.मी. विद्युत पोल शिफ्टिंग एवं लाइनों की ऊंचाई बढ़ाने के कार्य सहित	First	रु 242.81
2.	2021_PWDRB 168399_1	मंदसौर	Plan	पटलावदा से धतरावदा मार्ग का निर्माण लम्बाई 3.25 किमी विद्युत पोल शिफ्टिंग एवं लाइनों की ऊंचाई बढ़ाने के कार्य सहित	First	रु. 209.61
श्री चौहान ने कहा कि कोरोना से निपटने के लिए राज्य सरकार ने जनता को साथ लेकर अभियान चलाया है। कोरोना में कई लोग ऐसे हैं, जिन्होंने दूसरों की जान बचाने के लिए अपनी जिंदगी दाव पर लगा दी। राज्य सरकार टीकाकरण के लिए निरंतर अभियान चला रही है। मुख्यमंत्री ने बच्चों से अपील की कि पढ़ाई के साथ खेलकूद-कला संगीत जैसी गतिविधियों में भी भाग लें और अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए निरंतर प्रयास करें। परिश्रम और निरंतर प्रयास ही सफलता का आधार है। प्रयासों से ही क्षमता विकसित होती है। व्यक्ति की प्रतिबद्धता और उसके प्रयास ही व्यक्ति को लक्ष्य प्राप्ति में मदद करते हैं। श्री चौहान ने बच्चों को अपना जीवन समाज और देश के लिए उपयोगी बनाने का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में शत-प्रतिशत कोविड-19 टीकाकरण सुनिश्चित करने के अभियान में बच्चों से सहयोग करने की अपील की। श्री चौहान ने उपस्थित बच्चों से कहा कि वे टीकाकरण के लिए सोशल मीडिया पर अपने संदेश डालें। बच्चों की अपील का लोगों पर भावनात्मक प्रभाव होता है।

यूनिसेफ की मध्यप्रदेश चीफ सुश्री मार्गरेट ग्वाड़ा ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा महिला सशक्तिकरण और विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए चलाई जा रही योजनाओं तथा शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए जारी प्रयासों की सराहना की।

इंदौर और भोपाल में लागू होगी पुलिस कमिश्नर प्रणाली

भोपाल, मध्यप्रदेश के दो बड़े नगरों भोपाल और इंदौर में पुलिस आयुक्त प्रणाली (पुलिस कमिश्नर सिस्टम) प्रारंभ होगी। यह जानकारी मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में दी।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति अच्छी है। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल और देश के स्वच्छतम शहर व्यावसायिक राजधानी इंदौर में बढ़ती जनसंख्या, भौगोलिक विस्तार और तकनीक के कारण भी उत्पन्न हुई कानून व्यवस्था संबंधी आवश्यकताओं को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व से अच्छी कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने का कार्य इस प्रणाली से होगा। भोपाल और इंदौर के साथ ही प्रदेश में पुलिस और प्रशासन ने मिलकर कई उपलब्धियाँ हासिल की हैं। लेकिन शहरी जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है। भौगोलिक दृष्टि से भी महानगरों का विस्तार हो रहा है। इसलिए कानून और व्यवस्था की कुछ नई समस्याएं पैदा हो रही हैं। उनके समाधान और अपराधियों पर नियंत्रण के लिए हमने दो नगरों में पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू करने का फैसला लिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर और भोपाल प्रदेश के 2 बड़े महानगर हैं। यहां पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू कर रहे हैं, ताकि अपराधियों पर और बेहतर नियंत्रण कर सकें।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

मध्यप्रदेश में चलाया जायेगा ऊर्जा साक्षरता अभियान

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल में सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश के सभी नागरिकों को ऊर्जा साक्षर बनाने के लिये प्रदेश स्तर पर 'ऊर्जा साक्षरता अभियान' चलाये जाने का निर्णय लिया गया। अभियान के माध्यम से प्रदेश के नागरिकों को ऊर्जा बचत की जानकारी दी जायेगी। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं-

- ऊर्जा साक्षरता अभियान में प्रदेश के सभी नागरिकों को समयवद्ध कार्य-योजना अनुसार ऊर्जा साक्षर बनाने के प्रयास किए जाएंगे। इसमें जन-सामान्य में ऊर्जा के व्यय एवं अपव्यय की समझ विकसित करना, ऊर्जा के पारम्परिक एवं वैकल्पिक साधनों की जानकारी देना एवं उनका पर्यावरण पर प्रभाव की समझ पैदा करना, ऊर्जा एवं ऊर्जा के उपयोग के बारे में सार्थक संवाद, ऊर्जा संरक्षण एवं प्रबंधन के बारे में जागरूकता, ऊर्जा उपयोग के प्रभावों, परिणामों की समझ के आधार पर इसके दक्ष उपयोग हेतु निर्णय लेने की दक्षता उत्पन्न करना, पर्यावरणीय जोखिम एवं जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव को कम करना और विभिन्न ऊर्जा तकनीकों के चयन के लिये सक्षम बनाना जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।
- ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए राज्य सरकार द्वारा 'ऊर्जा साक्षरता अभियान' प्रारम्भ किया जा रहा है। इस अनूठे अभियान के माध्यम से स्कूलों एवं कॉलेजों के विद्यार्थियों एवं जन-साधारण को ऊर्जा और ऊर्जा की बचत के विषय में जानकारी दी जायेगी। अभियान को एक मिशन के रूप में क्रियान्वित किया जायेगा।
- मंत्रिपरिषद ने आगर-शाजापुर-नीमच सौर पार्क की कुल 1500 मेगावॉट क्षमता की 10 गुना से अधिक क्षमता के लिए जारी निविदा में प्राप्त प्रतिस्पर्धा और न्यूनतम टैरिफ के लिए प्रमुख कारकों में से एक, 'राज्य शासन द्वारा परियोजना विकास को राज्य शासन द्वारा गारंटी देने' के निर्णय का अनुमोदन किया।
- इसके कारण देश में न्यूनतम सोलर टैरिफ प्राप्त किया गया है। राज्य शासन की गारंटी दिये जाने से कई लाभ हुए। भुगतान सुरक्षा के कारण परियोजना विकास को ऋण, कम ब्याज दर पर प्राप्त हुआ। परियोजना स्थापना में अंतर्राष्ट्रीय विकासकों द्वारा रुचि ली गयी, जिन्हें विदेशी संस्थाओं से कम ब्याज दर पर ऋण प्राप्त हो सका।
- भुगतान जोखिम कम होने से विकासकर्ता कम लाभ अर्थात कम अंश पूंजी वापसी पर भी परियोजना स्थापना करने के इच्छुक रहे।
- बहुस्तरीय भुगतान सुरक्षा में राज्य शासन की गारंटी के दृष्टिगत कम कार्यशील पूंजी की आवश्यकता होती है। कार्यशील पूंजी पर ब्याज टर्म लोन से अधिक होता है। अतः राज्य शासन गारंटी उपलब्ध होने से कार्यशील पूंजी लागत पर लगने वाले अतिरिक्त ब्याज को बचाया जा सका है।
- प्रदेश में सितम्बर 2021 तक लगभग 5100 मेगावॉट क्षमता की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता की स्थापना की गई है। इसमें सौर ऊर्जा क्षमता 2432 मेगावॉट तथा पवन ऊर्जा क्षमता 2444 मेगावॉट है। मध्यप्रदेश में उपलब्ध कुल बिजली आपूर्ति का लगभग 21 प्रतिशत हिस्सा नवकरणीय ऊर्जा से प्राप्त होता है।
- कार्बन उत्सर्जन को कम करने के अपने निरंतर प्रयास में राज्य शासन वर्ष 2030 तक नवकरणीय ऊर्जा से बिजली आपूर्ति का हिस्सा बढ़ाकर 40 प्रतिशत करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी तारतम्य में सोलर एनर्जी कार्पोरेशन ऑफ इंडिया और मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम की संयुक्त उपक्रम कम्पनी 'रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड (RUMSL) ने 1500 मेगावॉट क्षमता के आगर-शाजापुर-नीमच सौर पार्क को विकसित करने के लिये 26 जनवरी, 2020 को निविदा आमंत्रित की थी।
- प्रस्तावित सौर पार्क परियोजना की स्थापना से कुल 3775 मिलियन यूनिट ऊर्जा उत्पादित होगी तथा राज्य को लगभग 3018 मिलियन यूनिट सौर ऊर्जा प्राप्त होगी और शेष बिजली भारतीय रेल को दी जाएगी।
- परियोजना में अपनाए गए अन्य नवाचारों यथा अनुबंध हस्ताक्षर दिनांक को भूमि की उपलब्धता, आंतरिक विद्युत संयोजन के लिये सब-स्टेशन, पूर्व से नियत विद्युत क्रय अनुबंध, विश्व बैंक का ऋण एवं राज्य शासन की गारंटी के परिणामस्वरूप 1500 मेगावॉट क्षमता की आगर-शाजापुर-नीमच सौर पार्क में राज्य ने पूरे देश में इतिहास रच समकालीन न्यूनतम टैरिफ प्राप्त किया है।
- मंत्रिपरिषद ने अविवादित श्रेणी के ऐसे राजस्व प्रकरण, जिनमें पंजीकृत दस्तावेज के आधार पर आदेश किया जा सकता है, किंतु पक्षकारों की व्यक्तिगत उपस्थिति न होने के कारण जो लंबित हो जाते हैं, के शीघ्र निराकरण के लिए एक या एक से अधिक जिले के लिये साइबर तहसील का सृजन किये जाने के प्रस्ताव संबंधी मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता (संशोधन) विधेयक 2021 का अनुसमर्थन किया।
- इसी प्रकार मंत्रिपरिषद ने मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज (संशोधन) अध्यादेश 2021 का भी अनुसमर्थन किया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मध्यप्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में मिलेंगे 13 हजार करोड़ रुपये

भोपाल, मध्यप्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में आधुनिकीकरण और अधोसंरचना विकास के लिए 13 हजार करोड़ रुपये की राशि दी जाएगी। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री श्री आर.के. सिंह ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के साथ केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारियों की संयुक्त बैठक में यह जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री श्री सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र में किए जा रहे सुधार प्रशंसनीय हैं। यहां विद्युत हानि कम करने की योजना और अपनाए गए नवाचार अभिनव और अनुकरणीय हैं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय ऊर्जा मंत्री श्री आर.के. सिंह भोपाल में आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुये।

सौर ऊर्जा क्षेत्र के लिए रोडमैप तैयार

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश को सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए रोडमैप तैयार किया गया है। किसानों और पंचायतों द्वारा खेतों पर कुसुम योजना में सौर ऊर्जा उत्पादन के कार्य को गति दी जाएगी। इससे किसानों को सस्ती बिजली मिलेगी। केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न बाधाएं दूर कर मध्यप्रदेश को ताप विद्युत सहित अन्य ऊर्जा उत्पादन के माध्यमों में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के हर घर तक बिजली पहुंचाने के लक्ष्य को राज्य में पूरा करने के लिए मध्यप्रदेश तेजी से कार्य करेगा।

हर घर तक बिजली पहुंचाएंगे

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र के आधुनिकीकरण और अधोसंरचना के विकास के लिए 13 हजार करोड़ रुपये भारत सरकार से देने पर सहमति हुई। मध्यप्रदेश को यह राशि प्रदान करने के लिए समस्त बाधाएं दूर की गई हैं। इस राशि से आधुनिकीकरण भी होगा और हम सहजता और सरलता के साथ हर घर तक बिजली भी पहुंचा सकेंगे।

ऊर्जा के सभी साधनों का उपयोग करेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय ऊर्जा मंत्री श्री आर.के. सिंह ने मध्यप्रदेश की धरती पर 1500 मेगावॉट के तीन सोलर पॉवर प्लांट्स का शिलान्यास किया है और ऊर्जा के क्षेत्र में व्यापक सुधार के लिए विस्तृत बैठक भी की है। ऊर्जा के लिए अधोसंरचना विकास के लिए तैयार योजना को सहयोग देने का श्री सिंह से आग्रह किया गया था। केंद्रीय मंत्री ने इस आग्रह को स्वीकार किया है। श्री चौहान ने कहा कि बिजली की बढ़ती हुई खपत को और बढ़ती हुई मांग की पूर्ति के लिए अब हम केवल थर्मल और जल विद्युत पर निर्भर नहीं रहेंगे। प्रधानमंत्री के ग्रीन एनर्जी के संकल्प और स्वप्न को पूरा करने की दिशा में मध्यप्रदेश तेजी से बढ़ रहा है।

ऊर्जा क्षेत्र में सुधारों के निरंतर प्रयास

श्री चौहान ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में कुछ सुधार करने हैं। प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। ऊर्जा के क्षेत्र में सभी आवश्यक सुधारों को मध्यप्रदेश सरकार पूरा कर लेगी। यह सभी सुधार करते हुए अभी जनता को 24 घंटे घरों में बिजली और 10 घंटे खेती के लिए बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बढ़ती हुई ऊर्जा की मांग के साथ-साथ उपलब्धता बढ़ती रहे, उसका रोडमैप हमने तैयार किया है। अनेक प्रोजेक्ट्स चाहे वो ओंकारेश्वर का फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लांट हो, छतरपुर में बिजली को स्टोर करके रखने की योजना हो या रूफ टॉप के माध्यम से सोलर के उत्पादन को बढ़ाने का सवाल हो, सभी क्षेत्रों में मध्यप्रदेश कार्य कर रहा है।

मध्यप्रदेश में बेहतर ऊर्जा प्रबंधन

केंद्रीय मंत्री श्री आर.के. सिंह ने कहा कि देश में ऊर्जा क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य हुआ है। बिजली की कमी नहीं है। ग्रीन एनर्जी पर भी जोर दिया जा रहा है। प्रदेशों की चर्चा करें तो मध्यप्रदेश में बिजली का प्रबंधन अच्छा है। विद्यत की उपलब्धता अच्छी है। मध्यप्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र में आधुनिकीकरण के लिए राशि मिल जाने से बिजली व्यवस्था ओर बेहतर होगी।

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश का पंचायतों के माध्यम से कुसुम योजना के क्रियान्वयन का प्रयास सराहनीय है।

मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में बालाघाट को देश में मिला प्रथम स्थान

भोपाल, स्वच्छता के बाद मध्यप्रदेश के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। प्रदेश के बालाघाट जिले को मत्स्य विकास क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए देश में प्रथम स्थान मिला है। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में विश्व मत्स्य दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में बालाघाट जिले को प्रथम पुरस्कार दिया गया। सर्वे में शामिल देश के 70 जिलों में बालाघाट को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। भारत सरकार द्वारा पुरस्कार स्वरूप 3 लाख रुपये और मोमेंटो प्रदान किया गया। संचालक मत्स्योद्योग श्री भरत सिंह, उप संचालक मत्स्योद्योग बालाघाट श्रीमती शशि प्रभा ने यह पुरस्कार प्राप्त किया।

जल संसाधन, मछुआ कल्याण और मत्स्य विकास मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने इस उपलब्धि पर विभाग के संचालक श्री भरत सिंह सहित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे पुरस्कार से अधिकारी और कर्मचारियों का मनोबल बढ़ता है और विभागीय योजनाओं में अच्छे परिणाम प्राप्त होते हैं।

श्री सिलावट ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की इच्छा है कि मध्यप्रदेश सभी क्षेत्रों में अग्रसर हो। मछली पालन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश आत्मनिर्भर बने इसके लिए लगातार नए आयाम की तरफ बढ़ने की कोशिश की जा रही है। बालाघाट से प्रेरणा लेकर प्रदेश के अन्य जिलों में भी मछली पालन के क्षेत्र में नए कीर्तिमान बनेंगे।

संचालक श्री भरत सिंह ने बताया कि आर.ए.एस., बायोफ्लाक, केज एवं महिलाओं तथा बच्चों की आर्थिक उन्नति के लिए उत्कृष्ट कार्य करने के लिए वेस्ट इनलैण्ड स्टेट का पुरस्कार बालाघाट जिले को मिला है। बालाघाट द्वारा विगत तीन वर्षों में 2 फीड मिल, 23 रिटेल मार्केट, 2 कियोस्क, 10 बायोफ्लाक, 280 टू-व्हीलर्स, 5 थ्री व्हीलर्स, 160 केज कल्चर आदि वितरित/स्थापित कराए गए हैं। पीएमएमएसवाय योजना में 2288 एवं बचत-सह-राहत योजना में 7292 हितग्राहियों को लाभ पहुंचाया गया है।

कोविड-19 के मृत्यु प्रकरणों के लिये अनुग्रह सहायता राशि

भोपाल, राज्य शासन ने कोविड-19 संक्रमण से मृत्यु होने पर मृतक के वारिसान को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि दिए जाने के संबंध में सभी जिला कलेक्टरों को पत्र लिखा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस संबंध में राज्य सरकार को निर्देश दिए थे। प्रमुख सचिव राजस्व एवं राहत आयुक्त श्री मनीष रस्तोगी ने बताया कि अनुग्रह राशि दिए जाने के संबंध में पात्रता के साथ नियम भी बनाए गए हैं।

अनुग्रह राशि प्राप्त करने के लिए आवेदन आवश्यक दस्तावेजों के साथ जिला कलेक्टर को प्रस्तुत करना होगा। कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा अनुग्रह राशि स्वीकृत की जाएगी। आवेदन का निराकरण 30 दिवस की अवधि में किया जाएगा।

अनुग्रह राशि के लिये राज्य शासन द्वारा कोविड-19 से मृत्यु की परिभाषा को स्पष्ट किया गया है। ऐसे मृत्यु के प्रकरण, जो निर्धारित मृत्यु परिभाषा की पूर्ति नहीं करते हैं, उनका निराकरण जिला-स्तरीय समिति द्वारा किया जायेगा।

कोविड-19 संक्रमण से मृत्यु के लिये दी जाने वाली अनुग्रह राशि के लिये नियत तिथि की गणना देश में कोरोना के पहले प्रकरण के प्रकाश में आने की दिनांक से होगी। संक्रमण महामारी की अधिसूचना रद्द करने अथवा अनुग्रह राशि के संबंध में आगामी आदेश, जो भी पहले हो तक, प्रचलित रहेगी। प्रकरण में मृतक के पति/पत्नी प्रथम हकदार होंगे। पति/पत्नी न होने की स्थिति में अविवाहित विधिक संतान एवं संतान न होने की स्थिति में मृतक के माता-पिता अनुग्रह राशि के हकदार होंगे। कोरोना वायरस से संक्रमित व्यक्ति की मृत्यु यदि जहर से, दुर्घटना से, आत्महत्या या मानव हत्या को कोविड-19 से मृत्यु नहीं माना जायेगा। ऐसे व्यक्तियों/शासकीय कर्मियों के वारिसानों को, जिन्हें मुख्यमंत्री कोविड-19 योद्धा कल्याण योजना, मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकम्पा नियुक्ति योजना या मुख्यमंत्री कोविड-19 विशेष अनुग्रह योजना का लाभ दिया गया हो अथवा इन योजनाओं से लाभान्वित होने की पात्रता रखते हों, अनुग्रह राशि के पात्र नहीं होंगे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

आयरन अल्पता
एनीमिया सप्ताह
26 नवम्बर से 2 दिसम्बर, 2021
जब शरीर में आयरन की कमी हो जाती है तो इसे आयरन अल्पता या एनीमिया कहते हैं।
क्या आप जानते हैं?
एनीमिया एक मूक महामारी है, जो कि विशेष रूप से 5 साल से कम उम्र के बच्चों, किशोरियों एवं महिलाओं में आधी सदी से एक बड़ी समस्या बनी हुई है।
एनीमिया के लक्षण क्या हैं?
थकान
साँस फूलना
हाथों और पैरों का सुन्न पड़ना
दैनिक कार्यों में थकावट
आँखों के नीचे और जीभ पर सफेदपन
बार-बार बीमार पड़ना
ध्यान और एकाग्रता में कमी
पैरों में सूजन
सिर में दर्द रहना
एनीमिया से कैसे बचें?
1 एनीमिया की जाँच, उपचार एवं रेफरल
2 आयरन सिरप/आयरन की गुलाबी, नीली, लाल गोली
3 कृमिनाशक गोली
4 आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन बी 12 से युक्त फोर्टीफाइड आहार का सेवन
5 आयरन युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन एवं खट्टे फलों का उपयोग
6 व्यक्तिगत एवं खानपान सम्बंधित स्वच्छता
आयरन अल्पता/एनीमिया सप्ताह पर आइये यह शपथ लें कि :-
"हम सब आयरन की सिरप/गोली, आयरनयुक्त भोजन, फोर्टीफाइड आहार और कृमिनाशक गोली का सेवन करेंगे तथा खान-पान एवं शारीरिक स्वच्छता का ध्यान रखेंगे।"
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा जनहित में जारी

राजा चारी

अंतरिक्ष मिशन के कमांडर बने

स्पेसएक्स और नासा के संयुक्त अभियान में भारतीय मूल के राजा चारी अंतरिक्ष मिशन के कमांडर बने। कैनेडी स्पेस सेंटर में चेक आउट भवन के लॉन्च पैड से अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन के लिये यह यात्रा शुरू हुई। इनके साथ चार अंतरिक्ष यात्री भी स्पेस में गये हैं। नासा और स्पेसएक्स ने साथ मिलकर तीसरी बार अंतरिक्ष यात्रियों को भेजा है। ये सभी 24 घंटे में सकुशल स्पेस में पहुंच भी गये।

रैमी आवरार्ड

चैरिटी के लिये लगाई जान की बाजी

फ्रांस में एक चैरिटी संस्था के लिये धन जुटाने को रैमी आवरार्ड नामक शख्स ने जान की बाजी लगा दी। गर्म हवा का गुब्बारा जब जमीन से करीब 13 हजार फुट की ऊंचाई पर पहुंचा तो रैमी चढ़ाई करते हुये उसके ऊपर जा खड़े हुये। स्पेस सूट पहने 28 वर्षीय रैमी ने वहां से सेल्फी ली, वीडियो बनाया और लोगों से दान करने की अपील की। रैमी द्वारा जुटाये गये धन का इस्तेमाल न्यूरोमस्क्यूलर डिसऑर्डर पर शोध के लिये किया जायेगा।

एपल-1

स्टीव जॉब्स का पहला कम्प्यूटर 2.98 करोड़ में हुआ नीलाम

स्टीव जॉब्स का 1976 में निर्मित एपल का पहला कम्प्यूटर चार लाख डॉलर (2.98 करोड़ रुपये) में नीलाम हुआ। यह कम्प्यूटर उन 200 कम्प्यूटरों में से एक है, जिन्हें एपल के संस्थापक स्टीव जॉब्स और सह-संस्थापक स्टीव वोजनियोक ने अपने हाथों से बनाया था। इस एपल-1 को शैफी कालेज एपल-1 नाम दिया गया है, क्योंकि इसे पहली बार शैफी नामक प्रोफेसर ने खरीदा था। फिलहाल एपल-1 के दुनिया में 60 कम्प्यूटर ही मौजूद हैं जिनमें से 20 चालू स्थिति में हैं।

साइमन कोफे ने

समुद्र में खड़े होकर दिया भाषण

प्रशांत महासागर में हवाई और ऑस्ट्रेलिया के बीच स्थित द्वीप देश तुवालु के विदेश मंत्री साइमन कोफे ने दुनिया का ध्यान खींचने के लिये कोट-हाफ पतलून और टाई पहनकर समुद्र में खड़े होकर भाषण दिया। अपने भाषण में कोफे ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और समुद्र के स्तर में वृद्धि के प्रभावों के कारण तुवालु में लोग वास्तविक जीवन में बेहद कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। उनका यह भाषण ग्लास्गो में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन के लिये रिकॉर्ड किया गया था।

एसी हेलमेट

भारतीय कंपनी ने दुबई में किया लॉन्च

दुबई में चल रहे एक्सपो-2020 के दौरान इंडिया पवेलियन के इनोवेशन हब में दुनिया का पहला एसी फिटेड हेलमेट लॉन्च किया गया। इनोवेशन हब में भारत के शीर्ष 500 स्टार्टअप को प्रदर्शित किया जा रहा है। दुनिया के पहले एसी सेफ्टी हेलमेट को जर्रा सेफ्टी द्वारा आउटडोर वर्कफोर्स और फील्ड एग्जिक्यूटिव्स के लिये डिजाइन किया गया है। यह एसी हेलमेट 24 डिग्री सेल्सियस तक कूलिंग प्रदान करने के लिये पेटेंट सॉलिड-स्टेट कूलिंग तकनीक पर काम करता है। 2-3 मिनट में यह हेलमेट के तापमान को 15 डिग्री तक कम कर देता है।

व्हेल का मॉडल

वैज्ञानिक रूप से प्रतिरूप हो रहा है तैयार

दुनिया में मछली की सबसे बड़ी प्रजाति की व्हेल मछली का करीब 33 फीट लंबा मॉडल बनाया जा रहा है। न्यूयॉर्क में स्थित अमेरिकन म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री में आर्टिस्ट इसे अंतिम रूप दे रहे हैं। इस मॉडल की खासियत है कि यह वैज्ञानिक रूप से व्हेल का हूबहू प्रतिरूप है। इसे 16 दिसम्बर से शुरू होने वाली प्रदर्शनी में रखा जायेगा। इस प्रदर्शनी में जीवों के जीवाश्म और टचफ्री इंटरेक्टिव मॉडल प्रदर्शित किये जायेंगे।

पर्सवीरन्स

कैम्ब्रिज डिक्शनरी का वर्ड ऑफ द ईयर बना

कैम्ब्रिज डिक्शनरी ने पर्सवीरन्स शब्द को वर्ष 2021 का वर्ड ऑफ द ईयर घोषित किया है। कैम्ब्रिज डिक्शनरी में पर्सवीरन्स शब्द का अर्थ किसी मुश्किल काम को करने या किसी चीज को अर्जित करने के लिये किये जाने वाले लगातार प्रयास के रूप में दिया गया है। डिक्शनरी के संपादकों ने इस शब्द के लोकप्रिय होने का श्रेय नासा के मिशन मार्स को दिया है। 18 फरवरी को पर्सवीरन्स रोवर के लाल ग्रह पर उतरने के साथ ही इस शब्द की खोज करने वालों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है।

आर्टोमिस मिशन

पहली महिला अंतरिक्ष यात्री की मून लैंडिंग 2025 में

नासा के आर्टोमिस मिशन ने दूसरे मानव मिशन अभियान के लिये अपनी तारीख को आगे बढ़ा दिया है। नई तारीख मई 2025 तय की है। ट्रंप प्रशासन ने इस मिशन के लिये 2024 की मियाद तय की थी। मिशन में देरी के लिये नासा के प्रशासक बिल नेलसन ने ब्लू ओरिजन से चल रही मुकदमेबाजी, बढ़ी हुई लागत और कोरोना को बताया है। इसके चलते पहली महिला अंतरिक्ष यात्री की मून लैंडिंग 2025 में ही हो सकेगी।

धूमकेतु

धरती के करीब से 12 दिसम्बर को गुजरेगा

रहस्यों से भरे आसमान में एक नया धूमकेतु चमकने वाला है। लियोनार्ड नामक यह धूमकेतु आकाश में अपने विशिष्ट रूप में नजर आयेगा। यह 12 दिसम्बर को पृथ्वी के करीब से गुजरेगा और 3 जनवरी 2022 को सूर्य के काफी पास करीब 9 करोड़ किलोमीटर की दूरी से गुजरेगा। लियोनार्ड पृथ्वी से करीब 3.5 करोड़ किलोमीटर दूर से गुजरेगा। चमकीला होने से संभवतः यह अंधेरी रात में भी कोरी आंखों से दिखाई देगा।

केथ ट्रेजेन्ना

दिव्यांग टीचर को छात्रों ने दिया कृत्रिम हाथ-पैर का तोहफा

इंटरनेशनल स्कूल लंदन में प्रायमरी टीचर के रूप में कार्यरत 47 वर्षीय केथ ट्रेजेन्ना को नवम्बर 2019 में हुये सेप्टिक के कारण हाथ-पैर खोना पड़ा था। डॉक्टरों ने उन्हें कृत्रिम (बायोनिक) अंग लगाने की सलाह दी थी। इसके लिये 30 लाख रुपये उनके स्कूल के विद्यार्थियों ने चंदे के जरिये एकत्र किये। बायोनिक अंग लगने के बाद केथ को न सिर्फ सामान्य जिंदगी जीने में मदद मिली है, बल्कि उन्हें अब स्कूल में भी फिर से पढ़ाने जाने में आसानी हो गई है।

प्रमोद भगत

पैरा बैडमिंटन के पुरुष प्लेयर ऑफ द ईयर नामित

टोक्यो पैरालिंपिक खेल 2021 में स्वर्ण पदक जीतने वाले शटलर प्रमोद भगत को पैरा बैडमिंटन प्लेयर ऑफ द ईयर के लिये नामित किया गया है। खेल की विश्व संस्था द्वारा घोषित की गई सूची में भगत के अलावा पांच अन्य खिलाड़ी भी इस पुरस्कार की दौड़ में शामिल हैं। प्रमोद को पुरुष प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड में जापान, कोरिया, फ्रांस, चीन और मलेशिया के खिलाड़ी टक्कर देंगे।

थाइलैंड

साढ़े तीन साल बाद खूबसूरत बीच खुलने को तैयार

थाईलैंड का सबसे खूबसूरत बीच माय-वे साढ़े तीन साल बाद 1 जनवरी, 2022 से खुलने को तैयार है। यह बीच वर्ष 2000 में आई लियोनार्डो डिकैप्रियो अभिनीत फिल्म 'द बीच' से लोकप्रिय हुआ था। जून 2018 में बंद होने से पहले यहां रोजाना 500 पर्यटक आते थे। लेकिन कोरोना संक्रमण काल के बाद अब सिर्फ 300 पर्यटकों को इस बीच पर रहने की अनुमति मिलेगी। ज्ञात रहे कि थाईलैंड की अर्थव्यवस्था में पर्यटन उद्योग का बड़ा हाथ है और यह बीच भी पर्यटन से धन कमाने में मददगार रहा है।

मार्स रोवर

मंगल ग्रह की चट्टान के ऊपर किया छेद

नासा के मार्स पर्सवीरन्स रोवर ने मंगल पर खुदाई की है। रोवर ने मंगल ग्रह को चट्टार की सतह के ऊपर छेद किया है। इस खुदाई की तस्वीर नासा ने साझा की है। इस तस्वीर में चट्टान के भीतर पहली बार रहस्यमय धब्बा दिखा है। इन्हें नासा ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा है कि सतह की परत को हटाने और नीचे देखने के लिये इस चट्टान को छोटे से हिस्से को काट दिया है।

लद्दाख में

दुनिया की सबसे ऊंची सड़क, बना गिनीज रिकॉर्ड

सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने लद्दाख में दुनिया की सबसे ऊंची मोटर कार चलाने लायक सड़क बनाकर कमाल किया है। यह सड़क लद्दाख के उमलिंगला दर्रे में लगभग 19000 फीट की ऊंचाई पर बनाई गई है। इस सड़क का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। गिनीज बुक की ओर से सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी को इसका प्रमाण पत्र दिया गया।

शॉम्बी शार्प को

संयुक्त राष्ट्र ने भारत में रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया

संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शॉम्बी शार्प को भारत में संयुक्त राष्ट्र का नया रेजिडेंट को ऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। संयुक्त राष्ट्र ने अपने बयान में कहा है कि शार्प ने अपने कैरियर के 25 से अधिक साल का समय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समावेशी और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिये समर्पित किया है। आने वाले समय में वह संयुक्त राष्ट्र के अपने अनुभवों का इस्तेमाल करेंगे। शार्प ने संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य भी किया है।

ऑपरेशन हरक्यूलिस

भारत ने सैनिकों की मदद के लिये किया अभ्यास

लद्दाख में भारत ने ऑपरेशन हरक्यूलिस कोडनाम वाले एक एयरलिफ्ट अभ्यास के दौरान संवेदनशील क्षेत्र में तैनात सैनिकों के लिये रसद सहायता प्रदान करने के लिये अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया है। इस उच्च तीव्रता वाले एयरलिफ्ट का उद्देश्य उत्तरी क्षेत्र में रसद आपूर्ति को मजबूत करना और परिचालन क्षेत्रों में शीतकालीन स्टॉकिंग को बढ़ाना था। आईएएफ के.सी.-17 ग्लोबमास्टर-3, आईएल-76 और एआईएफ-32 विमान इस अभ्यास में शामिल थे।

स्मृति शेष

ख्यात लेखक, इतिहासकार पद्म विभूषण बलवंत पुरंदरे का निधन

ख्यात लेखक, इतिहासकार, रंगमंच व्यक्तित्व और पद्म विभूषण प्राप्त बलवंत मोरेश्वर पुरंदरे का 99 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने छत्रपति शिवाजी पर कई निबंध और कहानियां लिखीं जो बाद में 'थिनाग्य' (स्पार्क्स) नामक पुस्तक के रूप में प्रकाशित हुई। शिवाजी के जीवन पर आधारित नाटक 'जाणता राजा' के निर्देशन ने उन्हें लोकप्रिय बनाया। 2019 में उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति क्लार्क का निधन

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति एफ.डब्ल्यू. डी क्लार्क का 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उन्हें नेल्सन मंडेला के साथ नोबेल शांति पुरस्कार साझा रूप से दिया गया था। क्लार्क ही थे, जिन्होंने 2 फरवरी, 1990 में दक्षिण अफ्रीकी संसद में एक संबोधन में घोषणा की थी कि मंडेला को 27 साल बाद जेल से रिहा किया जायेगा।

साहित्यकार मन्नू भंडारी का निधन

साहित्यकार, कहानीकार और उपन्यासकार मन्नू भंडारी का 90 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया है। मंदसौर जिले में जन्मी मन्नू भंडारी ने अनेकानेक नारी प्रधान कहानियां और उपन्यास का लेखन किया था। उनकी 'आपका बंटी' और 'महाभोज' जैसी रचनाएं लोकप्रिय रही हैं। उनकी लिखी 'यही सच है' कृति पर आधारित रजनीगंधा फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचायी थी। उन्हें हिन्दी अकादमी, दिल्ली का शिखर सम्मान, बिहार सरकार, भारतीय भाषा परिषद कोलकाता, राजस्थान संगीत नाटक अकादमी, व्यास सम्मान और उत्तरप्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा पुरस्कृत किया गया था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

मास्क पहनें और भीड़-भाड़ से रहें दूर, कोरोना से बचने का टीका लगवायें जरूर।

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P. – 462 011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 169/MTN/2021

No./17391/22/D-12/NIT-Maint./2021 **Bhopal, Dated : 23.11.2021**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :

1. Table No. 1 :- Name of Work - Repair/ Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 5 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Ashoknagar	3	14234713.00
2.	Dindori	2	27732507.00
3.	Guna	2	23428107.00
4.	Harda	2	39672857.00
5.	Indore	1	12411239.00
6.	Jabalpur	1	13536346.00
7.	Jhabua	3	37813252.00
8.	Khargone	2	19060092.00
9.	Morena	1	3500803.00
10.	Panna	2	12434373.00
11.	Sagar	2	17115117.00
12.	Shivpuri	1	6881248.00
13.	Singrauli	4	40704013.00
14.	Ujjain	1	4617313.00
15.	Umaria	3	28158005.00

2. Table No. 2 :- Name of Work - Repair/ Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 10 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Alirajpur	3	48528939.00
2.	Ashoknagar	1	4326153.00
3.	Chhindwara	1	8211051.00
4.	Dewas	1	2859436.00
5.	Dhar	3	47616456.00
6.	Gwalior	2	4199421.00
7.	Indore	1	7752420.00
8.	Jhabua	1	15208877.00
9.	Khandwa	4	28552560.00
10.	Khargone	8	100190332.00
11.	Rewa	2	20192272.00
12.	Sagar	1	5409763.00
13.	Shahdol	2	21257158.00
14.	Umaria	1	9427678.00

3. Table No. 3 :- Name of Work - Repair/ Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 15 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Balaghat	1	1812175.00
2.	Barwani	1	8290270.00
3.	Dhar	1	32260707.00
4.	Indore	1	7866408.00
5.	Khandwa	1	3575474.00
6.	Khargone	3	14027955.00
7.	Neemuch	1	9704271.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **01.12.2021 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/102740/46233/2021 **(T & e-G)**

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधो.वि. निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-1 भदभदा रोड भोपाल
क्र./919/तशा/प.यं./2021 **दिनांक : 24.11.2021**

प्रेस विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा भोपाल जिले में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (A) सुभाष उत्कृष्ट (शिवाजी नगर), (B) चूनाभट्टी, (C) आनंद नगर एवं (D) हर्राखेड़ा (बैरसिया) के अधोसंरचना निर्माण/उन्नयन कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा क्रमांक 2021_MPPHC_169696_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 10.12.2021 समय 17.00 बजे तक** खरीदे जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/102760/46238/2021 **परियोजना यंत्री**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P. – 462 011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 967 (PMGSY-III, Batch-I Year 2021-22)

No./17534/22/D-12/MPRRDA/2021 **Bhopal, Dated : 25.11.2021**

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in** as detailed below :

- **Name of Work -** Construction/Up-gradation of Rural Roads under PMGSY including maintenance for Five year after construction
- **SSR Applicable -** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority, effective from 05.11.2019 and amended upto issue date of NIT.

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Harda	8	479907000.00
2.	Jhabua	1	92973000.00
3.	Shahdol	2	84533000.00

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission :** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in**. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchased online from **02.12.2021 (17:30 hrs.)** and last date for online bid submission is **17.12.2021 (17:00 hrs.)**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/102780/46243/2021 **(T & e-G)**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02,
डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002
Email : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 21/2021-22 शासकीय हायर सेकेण्डरी एक्सीलेन्स स्कूल में उन्नयन का कार्य, जिला-जबलपुर एवं शासकीय हायर सेकेण्डरी एक्सीलेन्स स्कूल में 06 नग क्लास रूम एवं सायकल स्टैण्ड का कार्य, जिला-कटनी एवं शासकीय हायर सेकेण्डरी एक्सीलेन्स स्कूल में 06 नग क्लास रूम एवं सायकल स्टैण्ड का कार्य, जिला-उमरिया (ऑनलाइन निविदा क्र. 2021_MPPHC_169734, 2021_MPPHC_169737, 2021_MPPHC_169739) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 06.12.2021 तक** खरीद कर सायं 18:00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/102787/46244/2021 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग क्रमांक-02, भोपाल
Mobile : 9425601534, ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com
क्र.-मप्रपुआअविनि/615/पयं/भोपाल-02/तशा/2021 भोपाल, दि. : 24.11.2021

प्रेस विज्ञप्ति

"जिला-राजगढ़ में शासकीय हायर सेकण्ड्री एक्सीलेंस स्कूल राजगढ़, शासकीय हायर सेकण्ड्री मॉडल स्कूल नरसिंहगढ़, शासकीय हायर सेकण्ड्री मॉडल स्कूल वार्ड नंबर-18 ब्यावरा, शासकीय हायर सेकण्ड्री मॉडल स्कूल सारंगपुर, शासकीय हायर सेकण्ड्री मॉडल स्कूल वार्ड नम्बर-14 खिलचीपुर जिला-राजगढ़ का निर्माण कार्य एवं शासकीय हायर सेकण्ड्री मॉडल स्कूल ईछावर, शासकीय हायर सेकण्ड्री एक्सीलेंस स्कूल सीहोर, शासकीय आवासीय स्पोर्ट्स इन्स्टीट्यूट सीहोर, जिला-सीहोर के निर्माण कार्य हेतु निविदा क्रमांक-06/2021-22 ऑनलाइन निविदा क्रमांक-MPPHCL/TENDER No.- 2021_MPPHC_169922_1 & 2021_MPPHC_169956_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 10.12.2021 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/102768/46239/2021 **परियोजना यंत्री**

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड

पी.ई.बी. के आदेश क्रमांक पीईबी/DIR/13/2021/3047/2021 भोपाल, दिनांक : 28.08.2021 द्वारा 03 परीक्षायें निरस्त की गई थीं। जिनकी पुनः परीक्षा निम्नानुसार आयोजित की जा रही है :-

स.क्र.	परीक्षा का नाम	परीक्षा तिथि
1.	किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग म.प्र. भोपाल के अन्तर्गत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी (कार्यपालिक) पदों हेतु भर्ती परीक्षा-2020 (पुनः परीक्षा)	11 एवं 12 दिसम्बर, 2021
2.	समूह-2 उपसमूह-4 के अन्तर्गत सहायक संपरीक्षक, कनिष्ठ सहायक एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर व अन्य पदों की भर्ती हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020 (पुनः परीक्षा)	17 से 19 दिसम्बर, 2021
3.	समूह-5 के अन्तर्गत स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट ग्रेड-2 स्टीवर्ड व अन्य पदों की भर्ती हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020 (पुनः परीक्षा केवल नर्स संवर्ग के लिए Paper-K)	23 एवं 24 दिसम्बर, 2021

उपरोक्त परीक्षाओं में सभी पूर्व आवेदित अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते हैं। पुनः परीक्षाओं के प्रवेश पत्र समयानुसार पीईबी वेबसाइट पर जारी किये जाएंगे। परीक्षाओं की शेष शर्तें/अर्हतायें यथावत रहेंगी।

विज्ञापन क्रमांक-12/2021 **संचालक**

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड
चयन भवन मेन रोड नं. 1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल-462011
फोन नं. : 0755-2578801-02-03-04,
Fax : +91-755-2550498, web. : www.peb.mp.gov.in

म.प्र. माध्यम/102716/2021
R-46228/2021

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड, सागर (म.प्र.)

दूरभाष 07582-224269, E-mail- eephe_sagar@yahoo.co.in
क्रमांक : 3954/निविदा प्रकोष्ठ/का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड, सागर **दिनांक : 22.11.2021**

संक्षिप्त निविदा सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से जल जीवन मिशन के अंतर्गत सागर जिले के विकास खण्ड सागर के तालिका में उल्लेखित ग्रामों में शत प्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से जल प्रदाय हेतु नल जल योजना कार्य की ऑनलाइन निविदा **http://www.mptenders.gov.in** दिनांक **04.12.2021** सायं 5.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

सं. क्र.	निविदा क्र. एवं दिनांक	ई-निविदा क्रमांक	ग्राम के नाम	अनु. लागत रु. (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में
1.	303/ 18.11.2021	2021_PHED _169136_1	चितौरा, पिपरिया वैध, नरवानी एवं गुड़ा	157.96	157960/-	12500/-
2.	304/ 18.11.2021	2021_PHED _169137_1	सांईखेड़ा, लिधोराहा एवं खडेराभान	191.70	191700/-	12500/-
3.	308/ 18.11.2021	2021_PHED _169138_1	लालेपुर, बम्होरी वीका, बन्नाद एवं जसराज	155.90	155900/-	12500/-
4.	306/ 18.11.2021	2021_PHED _169139_1	रतोना, भैंसा पहाड़ी, बम्होरी एवं रेगुंआ	176.26	176260/-	12500/-
5.	307/ 18.11.2021	2021_PHED _169140_1	सलौया, रेवंझा, खैजराबुद्, खैजराबाग एवं हिलगन	138.51	138510/-	12500/-

निविदा में संशोधन ऑनलाइन ही देखे जा सकेंगे।

कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग एवं
सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन जिला, सागर

जी-19697/46227/2021

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P. – 462 011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

IFB No. - WB –31/966 SHG

No./17500/FA/WB/CMGSY/2019 **Bhopal, Dated : 25.11.2021**

Online item rate bids are invited on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in** for up-gradation of Rural Road of Gravel Standards Constructed under CMGSY to Black top Standards under World Bank and AIIB Financed MPRC Project P-157054, as under :

S. No.	Name of District	Number of Packages	No. of Roads	Grand Total (In Rs.)
1.	Dhar	2	5	43764842.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **29.11.2021 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed IFB and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/102776/46241/2021 **(T & e-G)**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, ग्वालियर संभाग क्र. 02, मकान नं. सी-31, कुलपति निवास के सामने, गोविन्दपुरी चौराहा, सचिन तेन्दुलकर रोड, सिटी सेंटर, ग्वालियर पिन-474011

निविदा आमंत्रण सूचना-16/2021-22

कार्यालय मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग, ग्वालियर क्र.-2 द्वारा निर्माण/मरम्मत कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 16/2021-22 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदा की कार्यवाही की गई है। जिसका ऑनलाइन निविदा क्र. MPPHC_170030_1 है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 04.12.2021 तक** खरीदे जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/102779/46242/2021

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, संभाग मुरैना
सुबात रोड, मुरैना (म.प्र.)

क्रमांक 3513-14 निविदा/नि.सू.क्र. 07/2021-22 मुरैना, दिनांक : 11.11.2021

निविदा विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु सड़क कार्यों हेतु दर अनुसूची प्रभावशील दिनांक 29.08.2017 पर निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा ऑनलाइन निविदाएं अपेन्डिक्स 2.10 में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती हैं, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेवसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। वेवसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

कार्य का नाम - सड़क निर्माण कार्य : निर्माण कार्य रामगढ़ से चुसलई मार्ग लं 2.92 कि.मी.

टेण्डर आई.डी. क्र.	अनुमानित लागत (रुपयों में)	अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (रुपयों में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2021_PWDRB_167657	25234000.00 (दो करोड़ बावन लाख चौंतीस हजार)	252340/-	15000.00 + Portal Charges	10 माह (वर्षाकाल सहित)

कार्य का नाम - सड़क निर्माण कार्य : 1. ए.बी. केनाल तिलावली से मंजीतपुरा मार्ग लं. 4.00 कि.मी., 2. ए.बी. केनाल माता का पुरा सिंगरौली से माधौगढ़ मार्ग लं. 5.60 कि.मी., 3. बीरमपुर से चौड़ेरा मार्ग लं. 1.50 कि.मी., कुल लं. 11.10 कि.मी. (चतुर्थ आमंत्रण)

2021_PWDRB_167655	72537000.00 (सात करोड़ पच्चीस लाख सैंतीस हजार)	725370/-	20000.00 + Portal Charges	18 माह (वर्षाकाल सहित)

कार्य का नाम - सड़क निर्माण कार्य : 1. ए.बी. केनाल से कलुआपुरा रन्छोरपुरा, उदयपुरा से रजौदा मार्ग लं. 6.00 कि.मी., 2. ए.बी. केनाल से गुर्जा बरैड डबोखरी मार्ग लं. 3.10 कि.मी., 3. नरहेला से डगरियापुरा मार्ग लं. 2.10 कि.मी., कुल लं. 11.20 कि.मी. (चतुर्थ आमंत्रण)

2021_PWDRB_167656	71834000.00 (सात करोड़ अठारह लाख चौंतीस हजार)	718340/-	20000.00 + Portal Charges	18 माह (वर्षाकाल सहित)
योग - 03 कार्य	**169605000.00 (सोलह करोड़ छियानवे लाख पाँच हजार)**			

1. ऑनलाइन टेण्डर पब्लिश दिनांक - 12.11.2021 समय 17:30 बजे
2. निविदा प्रपत्र डाउनलोड/विक्रय प्रारंभ दिनांक - 12.11.2021 समय 17:30 बजे
3. निविदा प्रपत्र डाउनलोड/विक्रय अंतिम दिनांक - **02.12.21 समय 17:30 बजे**
4. ऑनलाइन बिड सबमिशन का प्रारंभ दिनांक - 12.11.2021 समय 17:30 बजे
5. ऑनलाइन बिड सबमिशन का अंतिम दिनांक - 02.12.2021 समय 17:30 बजे
6. बिड ओपनिंग दिनांक - 03.12.2021 समय 17:30 बजे

a. अनुबंध के पूर्व एवं अनुबंध अवधि में लेवर पंजीयन करना अनिवार्य होगा, निविदा की वैधता अवधि 120 दिवस होगी।
b. निविदा संबंधी संशोधन उसी टेण्डर में ऑनलाइन देखे जा सकेंगे, अतिरिक्त प्रेस नोट नहीं निकाला जावेगा।
c. सक्षम अधिकारी को निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
d. उपरोक्त कार्यों हेतु संबंधित मद में आवंटन उपलब्ध होने पर ही भुगतान हो सकेगा।
e. निविदाएं ऑनलाइन ही प्रस्तुत की जावें, भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जावेगा।
f. शासन द्वारा समय-समय पर जारी समस्त नियम एवं संशोधन प्रभावशील होंगे।

उपरोक्त वेवसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेवसाइट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग मुरैना
फोन नं. 07532-226361

जी-19418/46198/2021

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड सागर (म.प्र.)
दूरभाष 07582-224269, E-mail-eephe_sagar@yahoo.co.in

क्रमांक 3884/निविदा प्रकोष्ठ/का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड, सागर दिनांक : 16.11.2021

संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से जल जीवन मिशन के अंतर्गत सागर जिले के विकासखण्ड देवरी के तालिका में उल्लेखित ग्रामों में शत-प्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से जल प्रदाय हेतु नल जल योजना कार्य की ऑनलाइन निविदा **http://www.mptenders.gov.in दिनांक 30.11.2021 सायं 5.30 बजे तक** आमंत्रित की जाती है।

सं. क्र.	निविदा क्रमांक एवं दिनांक	ई-निविदा क्रमांक	ग्राम के नाम	अनुमानित लागत रुपये (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.)
1.	284/ 09.11.2021	2021_PHED_167001_1	मडपिररिया एवं पनारी	137.28	137280/-	12500/-
2.	285/ 09.11.2021	2021_PHED_167002_1	रीछाई एवं विछिवा भावतरा	119.12	119120/-	12500/-
3.	286/ 09.11.2021	2021_PHED_167005_1	जैतपुर कोपरा एवं डोंगर सलाईया	171.31	171310/-	12500/-
4.	287/ 09.11.2021	2021_PHED_167008_1	केलडाना एवं सिलारी	161.51	161510/-	12500/-
5.	288 09.11.2021	2021_PHED_167632_1	जमनापुर परासिया एवं गुगवारा	182.85	182850/-	12500/-
6.	289/ 09.11.2021	2021_PHED_167635_1	बरकोटी कला एवं बेरखेरी राजा	138.53	138530/-	12500/-
7.	290/ 09.11.2021	2021_PHED_167636_1	जैतपुर कछवा	118.86	118860/-	12500/-
8.	291/ 09.11.2021	2021_PHED_167637_1	विजैरा रिछई एवं धुलतरा	142.74	142740/-	12500/-

निविदा में संशोधन ऑनलाइन ही देखे जा सकेंगे।

कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, जिला सागर

जी-19421/46199/2021

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, संभाग बुधनी, जिला सीहोर (म.प्र.)
मेन रोड बुधनी, फोन नं. 07564-235305

निविदा सूचना क्रमांक 07/2021-22/व.ले.लि./बुधनी दिनांक : 17.11.2021

निविदा विज्ञप्ति

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेवसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

टेण्डर क्रमांक	कार्य का नाम	ठेके की अनु. राशि (रु. लाखों में)	अमानत राशि (EMD)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	आमंत्रण क्रमांक	ई.एम.डी. एवं निविदा से संबंधित अन्य दस्तावेज
2021_ PWDRB_ 168272_1	नीमाखेड़ी से नर्मदा घाट तक सी.सी. मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 1.00 कि.मी.	122.25	122250/-	09 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	निविदा से संबंधित समस्त दस्तावेज एवं ई.एम.डी. केवल ऑनलाइन ही स्वीकार्य होंगे।
2021_ PWDRB_ 168273_1	मंडी ग्राम से शमशान घाट तक सी.सी. मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 0.80 कि.मी.	100.18	100180/-	09 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	
2021_ PWDRB_ 168274_1	नारायणपुरा से होलीपुरा मार्ग का मजबूतीकरण कार्य लंबाई 3.50 कि.मी.	416.18	416180/-	12 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	
2021_ PWDRB_ 168275_1	खवादा से बाँसगहन मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 4.90 कि.मी.	459.95	459950/-	12 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	
2021_ PWDRB_ 168276_1	ग्राम कोसमी ग्राम पंचायत सिंहपुर से पहाड़ मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 2.00 कि.मी.	148.87	148870/-	10 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	
2021_ PWDRB_ 168277_1	हाल्याखेड़ी से नयागाँव मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 2.80 कि.मी.	438.20	438200/-	12 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	
2021_ PWDRB_ 168278_1	डोबी पुल से भंगी का बगीचा तक मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 3.40 कि.मी.	406.41	406410/-	12 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	
2021_ PWDRB_ 168279_1	जोनतला से टेमला मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 1.50 कि.मी.	185.42	185420/-	08 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	
2021_ PWDRB_ 168280_1	पचौर से लचौर तक मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 2.50 कि.मी.	134.71	134710/-	08 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	
2021_ PWDRB_ 168281_1	रानीपुरा मुख्य मार्ग से बजरंग मंदिर तक मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 2.00 कि.मी.	360.90	360900/-	10 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	
2021_ PWDRB_ 168282_1	तिलाडिया से बोरखेड़ी मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 3.80 कि.मी.	301.30	301300/-	10 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	
2021_ PWDRB_ 168284_1	राला चीच पहुँच मार्ग से बोरखेड़ी मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 2.30 कि.मी.	274.74	274740/-	10 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	
2021_ PWDRB_ 168289_1	चीच पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 2.00 कि.मी.	239.57	239570/-	09 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	
2021_ PWDRB_ 168290_1	नसरुल्लागंज कब्रिस्तान से सोठिया पुराने गांव तक मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 2.30 कि.मी.	273.97	273970/-	09 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	
2021_ PWDRB_ 168291_1	ग्राम मोहाई में आंतरिक मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 1.60 कि.मी.	126.85	126850/-	08 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	
2021_ PWDRB_ 168292_1	निपानिया से पीपलकोटा मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 1.60 कि.मी.	212.35	212350/-	08 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	
2021_ PWDRB_ 168293_1	ग्राम मंजाखेड़ी से वकोट मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 4.50 कि.मी.	406.97	406970/-	10 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	
2021_ PWDRB_ 168294_1	धनकोटा कीर से महुडिया खाल नाला तक मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 2.50 कि.मी.	361.51	361510/-	09 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	
2021_ PWDRB_ 168295_1	मॉगरोल से बावडीखेड़ा मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 3.00 कि.मी.	219.43	219430/-	08 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	
2021_ PWDRB_ 168298_1	ग्राम ढाबा में मुख्य मार्ग ढाबा तक मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 1.60 कि.मी.	119.40	119400/-	08 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	
2021_ PWDRB_ 168302_1	पांगरा से गांजीत मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 4.50 कि.मी.	491.58	491580/-	10 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	
	कार्य की अधिकतम लागत	**491.58**				

उपरोक्त वेवसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय (Document Download/Sale End Date) करने की **अंतिम तिथि 30.11.2021 (17.30) बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेवसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेवसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

प्रमुख अभियंता लो.नि.वि. भोपाल का **पत्र क्र. 401/सा./ई-टेण्डरिंग/09/1088/भोपाल/दिनांक 05.11.2020** द्वारा निविदा से संबंधित समस्त दस्तावेज एवं ई.एम.डी. केवल ऑनलाइन ही स्वीकार्य होंगे।

कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. सं. बुधनी म.प्र.
फोन नं. 07564-235305

जी-19428/46202/2021

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड रायसेन

दूरभाष क्र. : 07482-222095, फैक्स क्र. : 07482-223388, ईमेल- eephrai@nic.in

क्रमांक/4537/लेखा/का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड/रायसेन भोपाल, दिनांक : 16.11.2021

निविदा आमंत्रण सूचना

रायसेन जिले के निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण **http://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा फार्म ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 30.11.2021 शाम 17.30** है एवं निविदा में होने वाले संशोधन केवल वेवसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर ही देखे जा सकेंगे।

क्र.	ऑनलाइन टेण्डर आई.डी. क्र.	निविदा क्र.	विकासखंड	कार्य का नाम	निविदा आमंत्रण क्र.	कार्य की अनुमानित लागत राशि (रु. लाख में)
1	2021_PHED_164145_1	41	औ.गंज	रायसेन जिले के अंतर्गत विकासखंड औबेदुल्लागंज के ग्रामों में स्थापित हैण्डपंपों का संधारण कार्य।	तृतीय	10.17
2	2021_PHED_167146_1	42	सिलवानी	रायसेन जिले के अंतर्गत विकासखंड सिलवानी के ग्रामों में स्थापित हैण्डपंपों का संधारण कार्य।	तृतीय	14.55
3	2021_PHED_167928_1	43	सांची	रायसेन जिले के अंतर्गत विकासखंड सांची के ग्रामों में स्थापित हैण्डपंपों का संधारण कार्य।	प्रथम	15.43
4	2021_PHED_167929_1	44	बेगमगंज	रायसेन जिले के अंतर्गत विकासखंड बेगमगंज के ग्रामों में स्थापित हैण्डपंपों का संधारण कार्य।	प्रथम	8.57

कार्यपालन यंत्री

जी-19412/46206/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, रायसेन

कार्यालय मुख्य अभियंता (राजधानी परिक्षेत्र) लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)

ईमेल : cepwdcapital@mp.nic.in, दूरभाष/फैक्स क्रमांक : 0755-2551403

निविदा सूचना क्र. 11/सा/01/विविध/रा.प./2019 (वर्ष 2021) भोपाल, दिनांक : 16.11.2021

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

कार्य का नाम : ग्राम जैत में तुलाराम केवट के घर से ककरूआ घाट तक मार्ग का निर्माण कार्य लं. 4.20 कि.मी.।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	रिमार्क
1	2021_PWDRB_168405_1	सीहोर (संभाग बुधनी)	प्लान	प्रथम	625.62	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाने हैं।

कार्य का नाम : राला से तिलाडिया मार्ग का मजबूतीकरण कार्य। लंबाई 9.20 कि.मी.।

2	2021_PWDRB_168406_1	सीहोर (संभाग बुधनी)	प्लान	प्रथम	1218.41	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाने हैं।

कार्य का नाम : शाहगंज से बनेटा सुडानिया मार्ग का मजबूतीकरण कार्य लंबाई 7.90 कि.मी.।

3	2021_PWDRB_168407_1	सीहोर (संभाग बुधनी)	प्लान	प्रथम	977.20	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाने हैं।

कार्य का नाम : ग्राम सनकोट में सिराली मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 7.50 कि.मी.।

4	2021_PWDRB_168408_1	सीहोर (संभाग बुधनी)	प्लान	प्रथम	1137.42	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाने हैं।

कार्य का नाम : पिपलानी से आमलापानी मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 5.82 कि.मी.।

5	2021_PWDRB_168409_1	सीहोर (संभाग बुधनी)	प्लान	प्रथम	889.65	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाने हैं।

कार्य का नाम : कोठरा पिपल्या से रतनपुर मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 5.00 कि.मी.।

6	2021_PWDRB_168410_1	सीहोर (संभाग बुधनी)	प्लान	प्रथम	611.02	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाने हैं।

कार्य का नाम : जमुनिया से रानीपुर तक सी.सी. मार्ग (छुटी हुई लंबाई)का मजबूतीकरण कार्य लं. 3.90 कि.मी.।

7	2021_PWDRB_168412_1	सीहोर (संभाग बुधनी)	प्लान	प्रथम	554.29	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाने हैं।

कार्य का नाम : ग्राम चिकल्दी में 22 फीट चौड़ा बायपास मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 4.20 कि.मी.।

8	2021_PWDRB_168413_1	सीहोर (संभाग बुधनी)	प्लान	प्रथम	765.52	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाने हैं।

कार्य का नाम : ग्राम नया गाँव से सनकोटा मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 6.00 कि.मी.।

9	2021_PWDRB_168414_1	सीहोर (संभाग बुधनी)	प्लान	प्रथम	575.87	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाने हैं।

कार्य का नाम : ग्राम डोवी से विनेका मार्ग मछवई तक मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 5.00 कि.मी.।

10	2021_PWDRB_168415_1	सीहोर (संभाग बुधनी)	प्लान	प्रथम	586.42	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाने हैं।

कार्य का नाम : बाँया से टपकेश्वर महादेव मंदिर पहुँच मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 5.00 कि.मी.।

11	2021_PWDRB_168440_1	सीहोर (संभाग बुधनी)	प्लान	प्रथम	506.02	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाने हैं।

योग 8447.44

उपरोक्त वेवसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 30.11.2021 (17.30 बजे)** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेवसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेवसाइट पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य अभियंता (राज.परि.)

जी-19441/46205/2021 लोक निर्माण विभाग, भोपाल

क्रमांक-2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/1292

कार्यालय प्रमुख अभियंता

जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल

फोन-0755-2553402, फैक्स-0755-2552406

ईमेल-mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in

निविदा सूचना क्रमांक-480/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेंडरिंग भोपाल, दिनांक : 17.11.2021

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेवसाइट पर **दिनांक 07/12/2021 को 17.30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेवसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेवसाइट पर देखी जा सकती है।

स.क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	जिला	राशि रु. लाख में
1	2021_WRD_164028	पवई मध्यम परियोजना के डूब क्षेत्र का प्रापर्टी सर्वे, टोपोग्राफिक तथा कैडास्टियल सर्वे तथा नवीन एफ.टी.एल. लाइन की लेवेलिंग कार्य एवं 500 मी. की दूरी पर बाउन्ट्री स्टोन लगाने का कार्य।	पन्ना	7.42
2	2021_WRD_165922	बोरी, पौपी, चकरभटा, लमतरा, उमेही नाला एवं पगरी तालाब की नहरों की जंगल सफाई एवं नहरों में निर्मित स्ट्रक्चरों की सफाई एवं मरम्मत कार्य।	पन्ना	6.94
3	2021_WRD_166967	सी.डब्ल्यू.सी. की आर.डी. 28.19 कि.मी. पर स्थापित सी.आर. एवं एच.आर. गेटों की पेंटिंग तथा रबर सील बदलने का कार्य।	शहडोल	16.46
4	2021_WRD_166968	बाणसागर गुढ़-मऊगंज उद्वहन सिंचाई योजना की 1200 एम.एम. डाया एम.एस. राईजिंग मेन पाईप लाइन का मरम्मत कार्य।	शहडोल	6.00
5	2021_WRD_166969	बाणसागर गुढ़-मऊगंज उद्वहन सिंचाई योजना में स्थापित 800 एच.पी. के वी.टी. पम्प नंबर 06 का मरम्मत कार्य।	शहडोल	19.31
6	2021_WRD_167601	हरपुरा नहर की खुदाई (नाली) आर.डी. 32130 मी. का समतलीकरण कार्य।	टीकमगढ़	16.23
7	2021_WRD_167645	टर्न-की आधार पर डुगरिया पाठा तालाब के बाढ़ प्रोटेक्शन एवं मिटीगेशन कार्य के तहत स्पिल चैनल की लेफ्ट साइट गाइड वॉल का निर्माण कार्य।	जबलपुर	5.40
8	2021_WRD_167752	गांधीसागर बांध की सुरक्षा चौकियों पर अर्द्धकुशल एवं अकुशल श्रमिक का प्रदाय।	मंदसौर	18.92
9	2021_WRD_168029	रामपुरा टैंक के नहर एक्वाडक्ट का वार्षिक मरम्मत का कार्य (द्वितीय आमंत्रण)	झाबुआ	6.05
10	2021_WRD_168244	नागझिरी जलाशय की नहर में स्केप एवं एप्रोच रोड का निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण)	बैतूल	18.39

कुल योग 121.12

जी-19467/46209/2021 मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश

(लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन)

लिंक रोड 3, पत्रकार कालोनी के सामने, मेंनिट रोड, भोपाल-462003

विज्ञा.क्र./एनएचएम/एच.आर./2021/1699 भोपाल, दिनांक : 17.11.2021

विज्ञप्ति

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश अंतर्गत संविदा आधार पर राज्य रिक्त पद हेतु योग्य आवेदकों के लिये अनुबंधित रिक्रुटमेंट एजेंसी सेम्स के माध्यम से योग्य आवेदकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त पद के लिये यह अनुबंध 31 मार्च, 2022 तक के लिये होगा, जिसे आगामी वर्षों की वार्षिक कार्ययोजना में स्वीकृति अनुसार नवीनीकृत किया जा सकेगा। रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है -

क्र.	पदनाम	रिक्त पद	मासिक मानदेय	आयु-सीमा
1	State Data Manager-RI	1	25000/-	21-40 वर्ष अधिकतम आयु सीमा में (अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, निःशक्तजन, महिलाओं (अनारक्षित/आरक्षित) के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट) (आयु सीमा की गणना 01.01.2021 से की जावेगी)

आवश्यक निर्देश - 1. अनुबंधित रिक्रूटमेंट एजेंसी (सेम्स) के माध्यम से उपरोक्त तालिका में दर्शाये गये पदों हेतु **वेबसाइट https://www.sams.co.in** और **https://www.nhmmp.gov.in** पर नियम-पुस्तिका में उल्लेखित अर्हता के अनुसार ऑनलाइन आवेदन **दिनांक 22.11.2021 शाम 5.00 बजे उपरान्त से 20.12.2021 मध्य रात्रि 11.59 तक स्वीकार किया जावेगा।** 2. ऑफलाइन आवेदन किसी भी स्थिति में मान्य/स्वीकार नहीं किये जावेंगे। 3. निर्धारित प्रारूप में नहीं किये गये अथवा अपूर्ण आवेदन स्वयमेव निरस्त माने जावेंगे। 4. अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। 5. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश के अंतर्गत संविदा रिक्त पदों की भर्ती हेतु मानव संसाधन मैनुअल 2021 के प्रावधान लागू होंगे। 6. मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, म.प्र. को किसी भी आवेदन को बिना कारण बताये स्वीकृत/निरस्त करने अथवा चयन प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार होगा।

जी-19436/46204/2021 संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

शुद्धिपत्र क्रमांक 02/03/2021, दिनांक 16.11.2021

सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी परीक्षा 2021

नवीन पदों के संयोजन की सूचना

01. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा गृह विभाग, मध्यप्रदेश शासन हेतु सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी का विज्ञापन क्रमांक 03/2021 दिनांक 07.06.2021 आयोग की वेवसाइट **www.mppsc.nic.in** पर जारी किया गया है।

02. उक्त विज्ञापन के रिक्ति विवरण में निम्नानुसार पदों को संयोजित किया जाता है :-

रिक्ति विवरण	रिक्त पदों की संख्या					रिक्तियों में से मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या					रिक्तियों में से मध्य प्रदेश की मूल निवासी दिव्यांगजन हेतु आरक्षित पदों की संख्या				कुल पदों की संख्या
	UR	SC	ST	OBC	EWS	UR	SC	ST	OBC	EWS	OH	VH	HH	MD	
पूर्व विज्ञापित पद	25	15	18	25	9	8	5	6	8	3	1	2	2	1	92
नवीन संयोजित पद	25	15	18	25	9	8	5	6	8	3	2	1	1	2	92
कुल पद	50	30	36	50	18	16	10	12	16	6	3	3	3	3	184

03. विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

जी-19427/46207/2021 **उप सचिव**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

सूचना-पत्र क्रमांक 01/05/2021, दिनांक 22.11.2021

उप पुलिस अधीक्षक (रेडियो) परीक्षा 2021

परीक्षा स्थगन की सूचना

01. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा गृह विभाग, मध्यप्रदेश शासन के हेतु उप पुलिस अधीक्षक (रेडियो) के पदों की पूर्ति हेतु परीक्षा का विज्ञापन क्रमांक 05/2021, दिनांक 23.06.2021 आयोग की वेवसाइट **www.mppsc.nic.in** पर जारी किया गया था।

02. आयोग कार्यालय के वार्षिक परीक्षा कार्यक्रम (केलेण्डर) के अनुसार उप पुलिस अधीक्षक (रेडियो) पदों की पूर्ति हेतु परीक्षा दिनांक 19.12.2021 को ऑनलाइन पद्धति से आयोजित की जानी थी। उक्त परीक्षा ऑफलाइन पद्धति से (**OMR Sheet आधारित**) आयोजित की जाएगी। अतः उक्त पद हेतु पूर्व में निर्धारित परीक्षा दिनांक 19.12.2021 के स्थान पर **नवीन परीक्षा तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी।**

जी-19704/46215/2021 **अपर परीक्षा नियंत्रक**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

सूचना-पत्र क्रमांक 01/03/2021, दिनांक 22.11.2021

सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी परीक्षा 2021

परीक्षा स्थगन की सूचना

01. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा गृह विभाग, मध्यप्रदेश शासन के हेतु सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी के पदों की पूर्ति हेतु परीक्षा का विज्ञापन क्रमांक 03/2021, दिनांक 07.06.2021 आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in** पर जारी किया गया था।

02. आयोग कार्यालय के वार्षिक परीक्षा कार्यक्रम (केलेण्डर) के अनुसार सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी के पदों की पूर्ति हेतु परीक्षा ऑनलाइन पद्धति से दिनांक 05.12.2021 को आयोजित की जानी थी। उक्त परीक्षा ऑफलाइन पद्धति से (**OMR Sheet आधारित**) आयोजित की जाएगी। अतः उक्त पद हेतु पूर्व में निर्धारित परीक्षा दिनांक 05.12.2021 के स्थान पर नवीन परीक्षा तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी।

आर-46216/2021 **अपर परीक्षा नियंत्रक**

कार्यालय, कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, मैकेनिकल खण्ड, उज्जैन

E-mail Add:- emujn@rediffmail.com, Ph. No. : 0734-2551568 & Fax No : 0734-2560965

क्रमांक : 1421 का.यं./लो.स्वा.यां/मैके. खण्ड/21-22 **उज्जैन, दिनांक 18.11.2021**

प्रथम आमंत्रण

कार्यालय लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, मैकेनिकल खण्ड उज्जैन के अंतर्गत जिला उज्जैन/रतलाम/मंदसौर/नीमच/देवास/शाजापुर जिले में निरीक्षण वाहन मासिक किराये के आधार पर लिये जाने हेतु ऑनलाइन डिजिटली हस्ताक्षरित मोहर वंद निविदा **दिनांक 03.12.2021 सायं 15.00 बजे** तक निर्धारित श्रेणी में पंजीकृत वाहन मालिकों से प्रपत्र **एपेंडिक्स-2.10** (प्रतिशत दर) हेतु ऑनलाइन डिजिटली हस्ताक्षरित निविदा पर आमंत्रित की जाती है निविदा हेतु अभिलेखों जैसे प्रतिभूति राशि पावती, उक्त कार्य हेतु पंजीयन प्रमाण पत्र आदि निविदा अनुसार निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से ऑनलाइन अपलोड करना होगा। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

ऑनलाइन निविदा क्र.	निविदा क्रमांक	जिला	निविदा के प्राक्कलन की अनु. लागत राशि (रु.)	निविदा प्रपत्र क्रय की अंतिम दिनांक	निविदा खुलने की दिनांक	धरोहर राशि (रु.)	निविदा प्रपत्र की राशि (रु.)
2021_PHED_168263_1	13 (1St cell)	उज्जैन	492000/-	**2.12.2021**	03.12.2021	10000	2000
2021_PHED_168264_1	14 (1St cell)	रतलाम	246000/-	**2.12.2021**	03.12.2021	4920	2000
2021_PHED_168265_1	15 (1St cell)	मंदसौर	246000/-	2.12.2021	03.12.2021	4920	2000
2021_PHED_168266_1	16 (1St cell)	नीमच	246000/-	2.12.2021	03.12.2021	4920	2000
2021_PHED_168259_1	17 (1St cell)	देवास	246000/-	2.12.2021	03.12.2021	4920	2000
2021_PHED_168267_1	18 (1St cell)	शाजापुर	246000/-	2.12.2021	03.12.2021	4920	2000

नोट :- 1. निविदा का विवरण निविदा आमंत्रण सूचना विवरण एवं Key dates की जानकारी **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. ठेकेदार ई टेंडर पोर्टल में पंजीयन कराएं। 3. भविष्य में किए जाने वाले संशोधन को समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाएगा। यह संशोधन केवल **https://mptenders.gov.in** में प्रकाशित किए जाएंगे।

जी-19541/46214/2021 **कार्यपालन यंत्री**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड-अनूपपुर (म.प्र.)
निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त) अनूपपुर

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in/** पर अनूपपुर जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत निविदा के (Bill of Quantity) अनुसार पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन, उच्च स्तरीय टंकी, सम्पवेल एवं विद्युत संयोजन कार्य हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	निविदा क्रमांक/ दिनांक	ई-टेंडरिंग पद्धति द्वारा सिस्टम ई-टेंडर नंबर	विकास खण्ड	ग्राम का नाम	निविदा की लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
1.	94/ 2021-22 दिनांक 16.11.21	2021_PHED_168474_1	जैतहरी	गोरसी वेंकटनगर गौरेला क्वॉटार लपटा	446.97	447000/-	15000/-	09 माह वर्षाकाल सहित	केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार।
2.	95/ 2021-22 दिनांक 16.11.21	2021_PHED_168479_1	जैतहरी	मझगवां पिपरिया ताराडांड़ अमगवां दुलहरा	370.10	370100/-	15000/-	09 माह वर्षाकाल सहित	
3.	96/ 2021-22 दिनांक 16.11.21	2021_PHED_168484_1	अनूपपुर	जमुड़ी पयारी नं.2 पिपरहा रेउंदा आमाडांड़	428.42	428420/-	15000/-	09 माह वर्षाकाल सहित	
4.	97/ 2021-22 दिनांक 16.11.21	2021_PHED_168495_1	अनूपपुर	चटहाटोला सकोला दारसागर पकरिया भलमुड़ी	417.13	417130/-	15000/-	09 माह वर्षाकाल सहित	
5.	98/ 2021-22 दिनांक 16.11.21	2021_PHED_168498_1	कोतमा	बेलियाछोट डोंगरिया--खुर्द पचखुरा	165.22	165220/-	12500/-	09 माह वर्षाकाल सहित	
6.	99/ 2021-22 दिनांक 16.11.21	2021_PHED_168499_1	कोतमा	वैहाटोला	86.66	86670/-	10000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	
7.	100/ 2021-22 दिनांक 16.11.21	2021_PHED_168500_1	कोतमा	कटकोना	93.47	93470/-	10000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	
8.	101/ 2021-22 दिनांक 16.11.21	2021_PHED_168501_1	कोतमा	मेनटोला	25.20	50000/-	5000/-	04 माह वर्षाकाल सहित	
9.	102/ 2021-22 दिनांक 16.11.21	2021_PHED_168502_1	कोतमा	हर्री	57.04	57050/-	10000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	
10.	103/ 2021-22 दिनांक 16.11.21	2021_PHED_168503_1	कोतमा	वेनीवहरा	48.80	50000/-	5000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	
11.	104/ 2021-22 दिनांक 16.11.21	2021_PHED_168504_1	जैतहरी	मेड़ियारास	53.82	53820/-	10000/-	04 माह वर्षाकाल सहित	

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि : **01.12.2021** **17.30 बजे**
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथ : 01.12.2021 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि : 03.12.2021 11.00 बजे

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क कैश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेविट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त वेवसाइट पर भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम से ही क्रय किये जा सकते हैं।

विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेवसाइट पर प्रदर्शित है। निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन होने पर संशोधन समाचार पत्र प्रकाशित नहीं किया जावेगा। समस्त संशोधन केवल उपरोक्त उल्लेखित वेवसाइट पर ही उपलब्ध होंगे।

कार्यपालन यंत्री

जी-19482/46213/2021 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, अनूपपुर (म.प्र.)**

कौशल विकास संचालनालय
(मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोज़गार निर्माण बोर्ड)
विज्ञप्ति

ITI में वर्ष 2021 हेतु प्रवेश के लिये रजिस्ट्रेशन एवं च्वाईस फिलिंग की **दिनांक 25.11.2021 से 30.11.2021 तक**

1. एमपी आनलाइन पोर्टल पर पूर्व से रजिस्टर्ड आवेदक नई च्वाईस फिलिंग कर अथवा ऐसे आवेदक जिनका एमपी आनलाइन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन नहीं है, वे आवेदक दिनांक 25.11.2021 से 30.11.2021 के मध्य एमपी आनलाइन पोर्टल से रिक्त सीटों की जानकारी प्राप्त कर स्पाट रजिस्ट्रेशन एवं च्वाईस फिलिंग कर प्रवेश ले सकेंगे। यह प्रवेश हेतु अंतिम अवसर है।
2. प्रवेश हेतु च्वाईस फिलिंग उपरांत संबंधित संस्था के प्राचार्य द्वारा मैरिट अनुसार दोपहर 2.00 बजे के बाद प्रवेश की कार्यवाही की जावेगी।
3. प्रत्येक दिवस में नई च्वाईस फिलिंग मान्य होगी, जिसमें पिछले दिवस में की गई च्वाईस फिलिंग रात्रि 12.00 बजे निरस्त कर दी जावेगी।
4. निजी आईटीआई में प्रवेश की प्रक्रिया पूर्व अनुसार रहेगी।

जी-19634/46218/2021 **संचालक, कौशल विकास (म.प्र.)**

विश्व दिव्यांग दिवस – 3 दिसम्बर

दुनियाभर में कोरोना से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए दिव्यांग

दिव्यांग व्यक्तियों में दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित, मूक, अस्थिबाधित और मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (UNICEF) की एक नई रिपोर्ट दर्शाती है कि विश्व भर में 24 करोड़ बच्चे, यानि हर 10 में से एक बच्चा - विकलांगता की अवस्था में रह रहा है और स्वास्थ्य, शिक्षा एवं संरक्षण समेत बाल कल्याण के अधिकतर पैमानों पर, आम बच्चों की तुलना में बहुत पीछे हैं। इन्हीं दिव्यांगों के लिए विश्व भर में हर साल 3 दिसम्बर को विश्व दिव्यांग दिवस मनाया जाता है। इसे विकलांग या निःशक्तजन दिवस के तौर पर भी मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस तारीख को इंटरनेशनल डे ऑफ पर्सन विद डिसएबिलिटी (IDPD) के तौर पर मान्यता दी गई है। इस दिन दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें बराबरी के मौके देने के लिये प्रोत्साहित करने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श होता है। साथ ही इस दिन विभिन्न कार्यक्रम, गतिविधियां और सम्मान समारोह भी आयोजित किए जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय न्यूयॉर्क में हर साल इस दिवस के मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें दुनियाभर के दिव्यांग वर्ग के लोगों के हित में विशेषज्ञ और प्रतिष्ठित लोगों द्वारा चर्चा-परिचर्चा की जाती है।

वर्ष 1983 से 1992 तक संयुक्त राष्ट्र द्वारा दिव्यांग लोगों के लिये समर्पित दशक मनाया गया था। वार्षिक तौर इस दिवस का आयोजन वर्ष 1992 में संयुक्त राष्ट्र जनरल असेम्बली द्वारा पारित निर्णय से प्रारंभ से हुआ था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर दिव्यांगजनों के लिये पुनरुद्धार, रोकथाम, प्रचार और बराबरी के मौकों पर जोर देने के लिये योजना बनायी जाती है। समाज में बराबरी से विकास के लिये दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों के बारे में लोगों को जागरुक करने के लिये, सामान्य नागरिकों की तरह ही उनकी (दिव्यांगों की) सेहत पर भी ध्यान देने के लिये और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिये काम किया गया। वर्ष 2018 दिसम्बर में पहली बार विकलांगता और विकास के विषय पर यूएन रिपोर्ट को जारी किया गया था। इसके जरिए तीन मुख्य चुनौतियों को रेखांकित किया गया, जिसमें पहली- चुनौती, गरीबी का असंगत स्तर, दूसरी- शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं तथा रोज़गार तक पहुंच न होना और तीसरी- निर्णय लेने की प्रक्रिया और राजनीति में हिस्सेदारी न होना था। आज हमारे समाज में दिव्यांगों को हेय दृष्टि से देखा जाता है, लेकिन हमें और हमारे आसपास के लोगों के इस वर्ग के प्रति दृष्टिकोण बदलने की अवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार दिव्यांग वर्ग दुनिया में कोरोना महामारी से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वालों में से एक था। हर वर्ष संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस दिवस के लिये विशेष थीम तय की जाती है। इस वर्ष की थीम 'Leadership and participation of persons with disabilities toward an inclusive, accessible and sustainable post-COVID-19 world.' निर्धारित की गई है।

दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए देश में बनाया गया विभाग

दुनिया की कुल जनसंख्या लगभग 7 बिलियन है। इनमें से एक बिलियन लोग दिव्यांग हैं। इस तरह दुनिया में हर 7 में से एक व्यक्ति दिव्यांग है। दुनिया के लगभग 15 फीसदी लोग दिव्यांगता की श्रेणी में आते हैं। सामान्य बच्चों की तुलना में दिव्यांग बच्चों में हिंसा की आशंका 4 गुना ज्यादा

रहती है। 80 फीसदी दिव्यांग विकासशील देशों यानी डेवलपिंग कंट्रीज में रहते हैं। कुल दिव्यांग लोगों में से 50 फीसदी लोग स्वास्थ्य का खर्च उठाने में असमर्थ हैं। जनगणना 2011 के अनुसार देश में 2.68 करोड़ लोग दिव्यांगता की श्रेणी में आते हैं। इन आंकड़ों के अनुसार देश की आबादी के करीब 2 से 3 (2.21) फीसदी लोग दिव्यांग हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की स्थापना मई 2012 में की गई थी, इसका उद्देश्य दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण और समावेशन की सुविधा और सभी विकास एजेंडों की देखभाल के लिए एक नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करना है। इस विभाग के गठन के पीछे की सोच कुछ इस तरह है : 'एक समावेशी समाज का निर्माण करना, जिसमें दिव्यांगों के विकास और विकास के लिए समान अवसर प्रदान किए जाते हैं, ताकि वे उत्पादक, सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी सकें।' वहीं इसका मिशन 'दिव्यांगजनों को विभिन्न अधिनियमों, संस्थानों, संगठनों और योजनाओं के माध्यम से सशक्त बनाने, उनके पुनर्वास के लिए और एक सक्षम वातावरण बनाने के लिए उनके अधिकारों की सुरक्षा प्रदान करता है। उन्हें समाज में स्वतंत्र और उत्पादक सदस्यों के रूप में भाग लेने में सक्षम बनाता है।' अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

टोक्यो में दिव्यांग खिलाड़ियों ने बढ़ाया भारत का मान

भारत ने टोक्यो पैरालिंपिक खेलों में कुल 19 मेडल जीतते हुए अब तक का अपना सबसे शानदार प्रदर्शन किया है। भारतीय खिलाड़ियों ने पैरालिंपिक में कुल पांच गोल्ड मेडल, आठ सिल्वर और छह ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। इस बार के पैरालिंपिक खेलों में भारत ने जो पांच गोल्ड मेडल हासिल किए हैं, उनमें से दो शूटिंग, दो बैडमिंटन और एक जैवलिन थ्रो में मिला है। इस बार देश के लिए सबसे पहला गोल्ड मेडल अवनि लेखारा ने महिलाओं के 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग मुकाबले में हासिल किया था। दूसरा गोल्ड मेडल सुमित एंटिल ने भाला फेंकने में प्राप्त किया। इसके बाद मनीप नरवाल ने 50 मीटर पिस्टल की शूटिंग प्रतियोगिता में तीसरा, प्रमोद भगत ने बैडमिंटन में देश के लिए चौथा और कृष्णा नागर ने बैडमिंटन में ही देश को पांचवा गोल्ड मेडल दिलाया। टोक्यो पैरालिंपिक खेलों में भारत ने आठ सिल्वर मेडल प्राप्त किए हैं। इनमें से एथेलेटिक्स में सबसे ज्यादा पांच सिल्वर मेडल मिले हैं। वहीं 2020 के पैरालिंपिक खेलों में देश की झोली में 6 ब्रॉन्ज मेडल आए हैं। इनमें से एथेलेटिक्स और शूटिंग में दो-दो, आर्चरी और बैडमिंटन में एक-एक ब्रॉन्ज हासिल हुए हैं।

जलवायु परिवर्तन से दिव्यांगों के लिए बढ़ती चुनौती पर सीओपी–26 में हुआ मंथन

सीओपी-26 शिखर सम्मेलन के दौरान यह बताया गया कि संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के अनुसार, दिव्यांग लोग अभी भी आपदा से बुरी तरह प्रभावित लोगों में शामिल हैं। चाहे जंगल की आग हो या बाढ़, जलवायु संकट के कारण ऐसी आपदाओं की आशंका काफी बढ़ गई है। बीती गर्मी में जर्मनी के सिंजिग शहर में दिव्यांगों की देखरेख करने वाले एक घर में रह रहे 12 दिव्यांगों की बाढ़ की चपेट में आकर मौत हो गई। अचानक पानी बढ़ जाने पर ये लोग उस घर से निकल पाने में नाकाम रहे। वैज्ञानिकों और नेताओं ने इस बाढ़ का कारण जलवायु परिवर्तन को बताया है।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- देश में सुगम्य भारत अभियान (एआईसी) 3 दिसम्बर, 2015 को लॉन्च किया गया था। यह अभियान दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सार्वभौमिक पहुंच प्रदान करने के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा शुरू किया गया एक देशव्यापी अभियान है।
- इस अभियान का उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों को जीवन के सभी क्षेत्रों में भागीदारी करने के लिए समान अवसर एवं आत्मनिर्भर जीवन प्रदान करना है।
- सुगम्य भारत अभियान सुगम्य भौतिक वातावरण, परिवहन, सूचना एवं संचार पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने पर केंद्रित है। सुगम्य भारत अभियान मोबाइल एप बनाया गया है। इस मोबाइल एप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति जो सरकार को किसी अगम्य सार्वजनिक स्थान जैसे स्कूल, अस्पताल, सरकारी दफ्तर आदि के बारे में सूचित करना चाहता है, उसकी तस्वीर या वीडियो लेकर सुगम्य भारत पोर्टल पर अपलोड कर सकता है।

- रश्मि रंजन
(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. वर्ष 2020 में किस फुटबॉल क्लब ने फीफा क्लब वर्ल्डकप जीता था?
(अ) लिवरपूल
(ब) पेरिस सेंट जर्मेन
(स) बायर्न म्युनिख
(द) लाजियो

2. लुईस हैमिल्टन फॉर्मूला-वन में किस टीम के लिए रेसिंग करते हैं?
(अ) रेडबुल (ब) मर्सिडीज
(स) मैक्लेरेन (द) रेनॉल्ट

3. ओलिंपिक चैम्पियन निशानेबाज विंसेंट हेनकॉक किस देश के खिलाड़ी हैं?
(अ) अमेरिका (ब) आयरलैंड
(स) स्वीडन (द) मैक्सिको

4. इनमें से किस देश ने सबसे ज्यादा बार फीफा अंडर-17 वर्ल्डकप जीता है?
(अ) ब्राजील (ब) अर्जेंटीना
(स) फ्रांस (द) नाइजीरिया

5. आयरिश खिलाड़ी डेरेन क्लार्क का संबंध किस खेल से है?
(अ) फुटबॉल (ब) तैराकी
(स) गोल्फ (द) हॉकी

6. वर्ष 2019 में किस देश ने एएफसी एशियन कप जीता था?
(अ) कतर (ब) जापान
(स) ईरान (द) द. कोरिया

7. इनमें से किस भारतीय खिलाड़ी को इस वर्ष एफआईएच मेंस प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया है?
(अ) विवेक सागर प्रसाद
(ब) हरमनप्रीत सिंह
(स) मनप्रीत सिंह
(द) अमित रोहिदास

8. वर्ष 2022 में विंटर ओलिंपिक खेल चीन के किस शहर में आयोजित किए जाएंगे?
(अ) बीजिंग (ब) शंघाई
(स) वुहान (द) हांगझोऊ

9. किस खिलाड़ी के नाम सबसे कम उम्र में टेस्ट शतक बनाने का रिकॉर्ड है?
(अ) सचिन तेंदुलकर
(ब) शाहिद अफरीदी
(स) पृथ्वी शॉ
(द) मोहम्मद अशरफुल

10. इस वर्ष विएना ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग का खिताब किस खिलाड़ी ने जीता है?
(अ) नोवाक जोकोविच
(ब) डोमिनिक थिएम
(स) एलेक्जेंडर ज्वेरेव
(द) एंडी मरे

11. इनमें से किस खिलाड़ी को भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त गया है?
(अ) वीवीएस लक्ष्मण
(ब) राहुल द्रविड़
(स) जवागल श्रीनाथ
(द) संजय बांगर

12. हाल ही में किस कैरेबियन क्रिकेटर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया है?
(अ) क्रिस गेल (ब) जेसन होल्डर
(स) केरोन पोलार्ड (द) ड्वेन ब्रावो

13. मनीष नरवाल ने टोक्यो पैरालिंपिक में निशानेबाजी में कौन-सा पदक जीता है?
(अ) स्वर्ण पदक
(ब) रजत पदक
(स) कांस्य पदक
(द) इनमें से कोई नहीं

14. मध्यप्रदेश की शिवानी पवार ने किस खेल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीता है?
(अ) तीरंदाजी (ब) कुश्ती
(स) निशानेबाजी (द) टेबल टेनिस

15. भारतीय हॉकी टीम वर्ष 2022 में किस खेल आयोजन में हिस्सा नहीं लेगी?
(अ) हॉकी वर्ल्डकप
(ब) एशियाई खेल
(स) राष्ट्रमंडल खेल
(द) इनमें से कोई नहीं

16. नोवाक जोकोविच ने वर्ष 2021 में कौन-सा ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट नहीं जीता है?
(अ) ऑस्ट्रेलियन ओपन
(ब) फ्रैंच ओपन
(स) विम्बलडन
(द) यू एस ओपन

17. टोक्यो ओलिंपिक में किस देश ने मुक्केबाजी में सबसे ज्यादा स्वर्ण पदक जीते हैं?
(अ) अमेरिका
(ब) ब्रिटेन
(स) क्यूबा
(द) कजाकिस्तान

18. विराट कोहली की कप्तानी में भारत ने किस वर्ष अंडर-19 वर्ल्डकप जीता था?
(अ) वर्ष 2006 (ब) वर्ष 2008
(स) वर्ष 2010 (द) वर्ष 2012

19. पूर्व ओलिंपिक चैम्पियन तैराक मिस्सी फ्रैंकलिन किस देश का प्रतिनिधित्व करती हैं?
(अ) अमेरिका (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) ब्रिटेन (द) रूस

20. वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप-2021 में किस भारतीय मुक्केबाज ने कांस्य पदक जीता है?
(अ) अमित पंघल
(ब) शिव थापा
(स) सचिन कुमार
(द) आकाश कुमार

21. क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने इनमें से किस क्लब के लिए फुटबॉल नहीं खेला है?
(अ) मैनचेस्टर यूनाइटेड
(ब) बार्सिलोना
(स) जुवेंटस
(द) रियल मैड्रिड

22. एशियाई खेलों में निशानेबाजी में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं?
(अ) राही सरनोबत
(ब) हीना सिद्धू
(स) अंजलि भागवत
(द) मनु भाकर

23. वर्ष 2018 एफआईएच वूमेंस हॉकी वर्ल्डकप का खिताब किस देश ने जीता है?
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) नीदरलैंड
(स) अर्जेंटीना (द) जर्मनी

24. इस वर्ष फ्रैंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के चैम्पियन बने हैं?
(अ) केंटो मोमोटा
(ब) चाऊ टिएन चेन
(स) केई निशिकोरी
(द) केंटा सूनेयामा

25. रिकी पोंटिंग ने वन-डे क्रिकेट वर्ल्डकप में कितने शतक बनाये हैं?
(अ) तीन (ब) चार
(स) पांच (द) सात

उत्तर

1. (स), 2. (ब), 3. (अ), 4. (द), 5. (स), 6. (अ), 7. (ब), 8. (अ), 9. (द), 10. (स), 11. (ब), 12. (द), 13. (अ), 14. (ब), 15. (स), 16. (द), 17. (स), 18. (ब), 19. (अ), 20. (द), 21. (ब), 22. (अ), 23. (ब), 24. (द), 25. (स)।

- पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

मास्क पहने और भीड़-भाड़ से रहें दूर, कोरोना से बचने का टीका लगवायें जरूर

खेल चर्चा

लक्ष्मण बनेंगे राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के नये प्रमुख

बेंगलुरु, पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण अब राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के नये प्रमुख होंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने इस बात की पुष्टि की है। गांगुली ने बताया कि राहुल द्रविड़ के भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बनने के बाद एनसीए प्रमुख की जगह खाली हो गई थी। वीवीएस लक्ष्मण इस जिम्मेदारी के लिये तैयार हो गये हैं। लक्ष्मण ने बीसीसीआई का प्रस्ताव स्वीकार करने के बाद आईपीएल फ्रैंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद के मेंटॉर पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके अलावा अब वे क्रिकेट कॉमेंट्री भी नहीं करेंगे। हालांकि अभी तक बीसीसीआई ने आधिकारिक रूप से लक्ष्मण की नियुक्ति और कार्यकाल की घोषणा नहीं की है।

गर्बाइन मुगुरूजा ने जीता डब्ल्यूटीए फाइनल्स खिताब

मैक्सिको सिटी, स्पेन की अनुभवी महिला टेनिस खिलाड़ी गर्बाइन मुगुरूजा ने मैक्सिको में खेली गई डब्ल्यूटीए फाइनल्स चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल्स में मुगुरूजा ने एस्टोनिया की एनेट कोंटावेट को सीधे सेटों में 6-3, 7-5 से अपने नाम किया। खितावी मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। पहले सेट में 6-3 से हारने के बाद कोंटावेट ने शानदार पलटवार किया। यह सेट बेहद नजदीकी रहा, जिसमें मुगुरूजा ने जीत दर्ज की। मुगुरूजा ने पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स खिताब जीता है।

एशेज से पहले टिम पेन ने कप्तानी से दिया इस्तीफा

सिडनी, ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान टिम पेन ने एशेज सीरीज से ठीक पहले कप्तानी से इस्तीफा दे दिया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 17 नवम्बर को एशेज सीरीज के लिये ऑस्ट्रेलियाई टीम की घोषणा की थी, जिसके कप्तान टिम पेन थे। टिम पेन पर वर्ष 2017 में एक लड़की को अश्लील फोटो भेजने का आरोप लगा है। सोशल मीडिया पर इस मैसेज के वायरल होने के बाद टिम पेन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कप्तानी से इस्तीफा दे दिया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मार्च 2018 में दक्षिण अफ्रीका में खेली गई टेस्ट सीरीज में बॉल टेंपरिंग प्रकरण के बाद स्टीव स्मिथ की जगह टिम पेन को कप्तानी सौंपी थी। टिम पेन के टेस्ट टीम की कप्तानी से हटने के बाद तेज गेंदबाज और उपकप्तान पैट कमिंस टीम के नये कप्तान बन सकते हैं।

डिविलियर्स ने क्रिकेट को पूरी तरह कहा अलविदा

जोहानिसबर्ग, दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है। डिविलियर्स अब आईपीएल सहित किसी भी लीग में नहीं खेलेंगे। डिविलियर्स ने सोशल मीडिया के जरिये संन्यास का ऐलान करते हुये कहा कि मैंने क्रिकेट से पूरी तरह संन्यास लेने का फैसला किया है। डिविलियर्स वर्ष 2018 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। डिविलियर्स आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के प्रमुख खिलाड़ी थे। डिविलियर्स ने दक्षिण अफ्रीका के लिये 114 टेस्ट मैचों में 8765 रन, 228 वन-डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 9577 रन तथा 78 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 1672 रन बनाये हैं।

भारत-न्यूजीलैंड ट्वेंटी-20 सीरीज

भारत ने न्यूजीलैंड को 3-0 से किया क्लीन स्वीप

- **भारत की न्यूजीलैंड के खिलाफ ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में रनों के हिसाब से ये सबसे बड़ी जीत है।**
- **भारत ने ट्वेंटी-20 क्रिकेट में न्यूजीलैंड को दूसरी बार क्लीन स्वीप किया है।**
- **इससे पहले भारत ने वर्ष 2020 में न्यूजीलैंड दौरे पर ट्वेंटी-20 सीरीज 5-0 से क्लीन स्वीप की थी।**
- **रोहित शर्मा ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा 50 से अधिक रन की पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गये हैं।**
- **रोहित ने ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 30 बार यह कारनामा किया है। इस मामले में विराट कोहली (29) दूसरे स्थान पर हैं।**

कोलकाता, रोहित शर्मा की बेहतरीन बल्लेबाजी और कप्तानी की बदौलत भारत ने तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज में न्यूजीलैंड को 3-0 से क्लीन स्वीप कर दिया है। भारत ने कोलकाता के ईडन गार्डन मैदान में खेले गये सीरीज के तीसरे और अंतिम मुकाबले में न्यूजीलैंड को 73 रनों से हराया।

मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और ईशान किशन ने भारत को मजबूत शुरुआत दिलाते हुये पहले विकेट के लिये 38 गेंदों में 69 रन बनाये। रोहित ने 56 रन तथा ईशान ने 29 रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये सूर्यकुमार यादव (0) और ऋषभ पंत (4) जल्द आउट हो गये। श्रेयस अय्यर (25) और वेंकटेश अय्यर (20) ने भारत की पारी को बढ़ाया और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। अंतिम ओवरों में हर्षल पटेल (18) और दीपक चाहर (21) ने तेजी से रन जोड़े। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 184 रन बनाये। न्यूजीलैंड के लिये कप्तान मिशेल सेंटनर ने सर्वाधिक 3 विकेट लिये।

भारतीय गेंदबाजी ने दिखाया दम

लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने आक्रामक शुरुआत की, लेकिन भारतीय गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के चलते मार्टिन गुप्टिल को छोड़कर न्यूजीलैंड के सारे बल्लेबाज बेअसर साबित हुये। न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही। भारतीय स्पिनर अक्षर पटेल ने पारी के तीसरे ओवर में डेरिल मिशेल (5) और मार्क चेपमैन (0) को आउट कर न्यूजीलैंड को बैकफुट पर धकेल दिया। सलामी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल (51) एक छोर पर टिके रहे, लेकिन दूसरे छोर से निरंतर विकेट गिरते रहे। हालांकि टिम सेइफर्ट (17) ने गुप्टिल का थोड़ा साथ निभाया, लेकिन ये जोड़ी भी जल्द टूट गई और न्यूजीलैंड की उम्मीदें भी खत्म हो गईं। न्यूजीलैंड की पारी 17.2 ओवरों में 111 रनों पर सिमट गई। भारत के लिये अक्षर पटेल ने 3, हर्षल पटेल ने 2 तथा वेंकटेश अय्यर, युजवेंद्र चहल और दीपक चाहर ने 1-1 विकेट लिये। अक्षर पटेल को मैन ऑफ द मैच तथा रोहित शर्मा को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया।

आईसीसी

ट्वेंटी-20 विश्वकप-2022 की तारीखें घोषित

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अगले साल ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होने वाले आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप की तारीखों और मैच स्थलों की घोषणा की है। आईसीसी ने बताया कि ट्वेंटी-20 विश्वकप 16 अक्टूबर से 13 नवम्बर, 2022 तक ऑस्ट्रेलिया के सात शहरों में आयोजित किया जायेगा। विश्वकप के मुकाबले मेलबर्न, सिडनी, पर्थ, ब्रिस्बेन, एडीलेड, होबार्ट और जीलांग में खेले जायेंगे। टूर्नामेंट में 16 टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट के पहले राउंड में 8 टीमें क्वालिफाइंग मुकाबले खेलेंगी। इनमें से 4 टीमें मुख्य राउंड में पहुंचेंगी, मुख्य राउंड में कुल 12 टीमें होंगी। पहला सेमीफाइनल 9 नवम्बर को सिडनी में तथा दूसरा सेमीफाइनल 10 नवम्बर को एडीलेड में खेला जायेगा। विश्वकप का फाइनल मुकाबला 13 नवम्बर को मेलबर्न में खेला जायेगा।

लुईस हैमिल्टन बने कतर ग्रांप्री के पहले चैंपियन

लुसैल, ब्रिटिश कार रेसर लुईस हैमिल्टन ने कतर ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस अपने नाम की है। कतर में पहली बार फॉर्मूला-वन रेस आयोजित की गई थी, जिसमें हैमिल्टन चैंपियन बने। 57 लैप की इस रेस को हैमिल्टन ने एक घंटा 24 मिनट 28.471 सेकेंड में पूरी की। रेस में रेडबुल के मैक्स वर्स्टापेन दूसरे, फर्नांडो अलोंसो तीसरे, सर्जियो पेरेज चौथे तथा एस्टावेन ओकेन पांचवें स्थान पर रहे। इस सत्र में फॉर्मूला-वन चैंपियनशिप में खिताब की दौड़ में वर्स्टापेन और हैमिल्टन सबसे आगे हैं।

ज्वेरेव ने दूसरी बार जीता एटीपी फाइनल्स का खिताब

तुरिन, जर्मनी के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव का वर्ष 2021 में बेहतरीन प्रदर्शन लगातार जारी है। ज्वेरेव ने प्रतिष्ठित एटीपी फाइनल्स का खिताब अपने नाम किया है। इटली के तुरिन में खेले गये टूर्नामेंट के फाइनल में ज्वेरेव ने रूस के डेनिल मेदवेदेव को आसान मुकाबले में 6-4, 6-4 से हराया। इससे पहले ज्वेरेव ने सेमीफाइनल में विश्व के नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को मात दी थी।

फाइनल मुकाबले में ज्वेरेव ने शुरुआत से हावी होने की रणनीति अपनाई। पहले सेट में मेदवेदेव ने ज्वेरेव को कड़ी टक्कर दी, लेकिन ज्वेरेव के बेहतरीन खेल के सामने मेदवेदेव ज्यादा देर टिक नहीं पाये। दूसरे सेट में मेदवेदेव पूरी तरह लयहीन नजर आये। ज्वेरेव ने इस स्थिति का फायदा उठाया और मेदवेदेव को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

जीत दर्ज करने के बाद ज्वेरेव ने कहा कि मैंने यह खिताब उस शख्स के खिलाफ जीता है, जिससे मैं पिछले पांच मैच लगातार हारा था। इस मैच को जीतने के लिये मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना था। मैं खुश हूं कि इस सीजन का अंत मैं जीत के साथ कर रहा हूं।

- **ज्वेरेव ने दूसरी बार एटीपी फाइनल्स खिताब जीता है।**
- **ज्वेरेव ने वर्ष 2018 में भी यह टूर्नामेंट जीता है। इस सीजन में ज्वेरेव का यह छठवां खिताब है।**
- **ज्वेरेव ने इस वर्ष टोक्यो ओलिंपिक में टेनिस में पुरुष एकल वर्ग का स्वर्ण पदक जीता है।**

सौरव गांगुली बने आईसीसी पुरुष क्रिकेट समिति के चेयरमैन

दुबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की पुरुष क्रिकेट समिति का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। यह जानकारी आईसीसी द्वारा दी गई है। सौरव अपने टीम साथी अनिल कुंबले की जगह लेंगे। कुंबले पिछले 9 साल से इस पद पर थे। उन्होंने अपना कार्यकाल तीन-तीन साल के तीन टर्म में पूरा किया है। आईसीसी की यह समिति खेल की परिस्थितियों और नियमों की मॉनिटरिंग करती है, साथ ही क्रिकेट की बेहतरी के लिये नये और पुराने नियमों में बदलाव का सुझाव भी देती है।

आईसीसी के अध्यक्ष ग्रेग बार्कले ने आईसीसी पुरुष क्रिकेट समिति के पद पर गांगुली की नियुक्ति की घोषणा करते हुये कहा कि सौरव गांगुली विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। एक खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशासक के तौर पर उनका अनुभव हमें आगे बढ़ने के लिये मदद करेगा। उन्होंने कहा कि मैं अनिल कुंबले का भी धन्यवाद अदा करता हूं, जिन्होंने पिछले 9 साल तक इस पद पर रहते हुये क्रिकेट के विकास के लिये महत्वपूर्ण फैसले लिये हैं।

आईसीसी अध्यक्ष ने बताया कि पुरुष क्रिकेट की तरह अब महिला क्रिकेट के लिये भी प्रथम श्रेणी दर्जा और लिस्ट ए क्वालिफिकेशन को लागू किया जायेगा। बार्कले ने कहा कि आईसीसी महिला समिति को अब आईसीसी महिला क्रिकेट समिति के रूप में जाना जायेगा। इसके अलावा आईसीसी ने अफगानिस्तान में राजनीतिक घटनाक्रम को देखते हुये वहां क्रिकेट की समीक्षा के लिये एक कार्यकारी समूह गठित किया है।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी

कर्नाटक को हराकर तमिलनाडु बना चैंपियन

नई दिल्ली, तमिलनाडु ने घरेलू ट्वेंटी-20 क्रिकेट में अपना दबदबा बरकरार रखते हुये प्रतिष्ठित सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया है। तमिलनाडु ने टूर्नामेंट के फाइनल में कर्नाटक को चार विकेट से हराया।

आखिरी गेंद पर जीता तमिलनाडु

फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। मैच के आखिरी ओवर में तमिलनाडु को जीत के लिये 16 रन बनाने थे। क्रीज पर शाहरुख खान (33) और रवि श्रीनिवास साई किशोर (6) बल्लेबाजी कर रहे थे। गेंदबाज प्रतीक जैन ने पहली पांच गेंदों पर 11 रन दिये। तमिलनाडु को आखिरी गेंद पर जीत के लिये पांच रन चाहिये थे। शाहरुख ने आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर तमिलनाडु को खिताब दिलाया।

कर्नाटक ने बनाये 151 रन

मैच में कर्नाटक ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 151 रन बनाये। कर्नाटक के लिये अभिनव मनोहर ने 46 तथा प्रवीण दुबे ने 33 रनों की पारी खेली। इनके अलावा कप्तान मनीष पांडे, करुण नायर, बी.आर. शरथ तथा जगदीश सुचित ने छोटी-छोटी उपयोगी पारी खेली। तमिलनाडु के लिये साई किशोर ने 3 विकेट झटके।

तमिलनाडु की बढ़िया बल्लेबाजी

जीत के लिये मिले 152 रनों के लक्ष्य के जवाब में तमिलनाडु की शुरुआत शानदार रही। हरि निशांत (23) और नारायण जगदीशन (41) ने पहले विकेट के लिये 29 रन जोड़े। इसके बाद कर्नाटक के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी कर तमिलनाडु के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने नहीं दिया।

- **तमिलनाडु ने तीसरी बार जीती है सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी।**
- **तमिलनाडु वर्ष 2006 और 2020 में भी बना है घरेलू ट्वेंटी-20 चैंपियन।**
- **तमिलनाडु वर्ष 2019 में भी इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा था, तब उसे कर्नाटक ने हराया था।**

सत्येंद्र ने अरब सागर के दुर्गम चैनल को तैरकर किया पार

मुंबई, मध्यप्रदेश के पैरा तैराक सत्येंद्र सिंह लोहिया ने एक बार फिर दुर्गम समुद्री चैनल को तैरकर पार किया है। सत्येंद्र ने अपनी टीम के साथ अरब सागर में धरमतर जेटी से मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया तक की 36 किलोमीटर की दूरी तैरकर पारी की। सत्येंद्र ने यह रोमांचक सफर 10 घंटे 3 मिनट में तय किया। यह चैनल भारत का सबसे मुश्किल समुद्री चैनल है। इससे पहले वे दुनिया के सबसे मुश्किल चैनल माने जाने वाले कैटरीना चैनल को पार कर चुके हैं। सत्येंद्र ने 42 किलोमीटर का कैटरीना चैनल सिर्फ 11 घंटे 34 मिनट में तैरकर पार किया था। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने पैरा तैराक सत्येंद्र की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

• अमेरिका में •

सीमा पार से आने वाले लोगों के लिए पूर्ण टीकाकरण होगा अनिवार्य

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन सीमा पार से आने वाले सभी लोगों जिनमें ट्रक चालक, सरकारी तथा आपात सेवा

- **यह नियम उन लोगों से संबंधित हैं, जो अमेरिका के नागरिक नहीं हैं।**
- **अमेरिकी नागरिक और स्थाई निवासी पूर्व में जारी दिशा निर्देश के अनुसार देश में प्रवेश कर सकते हैं।**

अधिकारी आदि शामिल हैं, के लिए पूर्ण टीकाकरण अनिवार्य कर सकते हैं और यह नियम 22 जनवरी से लागू हो सकता है।

बाइडेन प्रशासन जल्द इस संबंध में घोषणा कर सकता है। प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस नियम पर व्हाइट हाउस ने अक्टूबर में विचार किया था। यह नियम देश की भू-सीमा को पार कर आने वाले लोगों के लिए होगा। अधिकारी ने समाचार एजेंसी 'एपी' को बताया कि नौकाओं के जरिए आने वाले आवश्यक सेवाओं में कार्यरत लोगों का भी पूर्ण टीकाकरण अनिवार्य है।

नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा

यह हवाई अड्डा पूरे क्षेत्र को राष्ट्रीय गतिशक्ति मास्टरप्लान का एक शक्तिशाली प्रतीक बना देगा - प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की आधारशिला रखी। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी का नया भारत आज सर्वश्रेष्ठ आधुनिक बुनियादी ढांचे में से एक का निर्माण कर रहा है। उन्होंने कहा, "बेहतर सड़कें, बेहतर रेल नेटवर्क, बेहतर एयरपोर्ट ये सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स ही नहीं होते बल्कि ये पूरे क्षेत्र का कायाकल्प कर देते हैं, लोगों का जीवन पूरी तरह से बदल देते हैं।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तरी भारत का लॉजिस्टिक्स गेटवे बनेगा। उन्होंने कहा कि यह इस पूरे क्षेत्र को नेशनल गतिशक्ति मास्टरप्लान का एक सशक्त प्रतिबिंब बनाएगा।

प्रधानमंत्री ने बुनियादी ढांचे के विकास के आर्थिक प्रभाव को लेकर कहा कि हवाई अड्डे के निर्माण के दौरान रोज़गार के हजारों अवसर बनते हैं। हवाई अड्डे को सुचारु रूप से चलाने के लिए भी हजारों लोगों की आवश्यकता होती है। इसलिए यह हवाई अड्डा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हजारों लोगों को नए रोज़गार भी देगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के सात दशक बाद, पहली बार उत्तर प्रदेश को वह मिलना शुरू हुआ है, जिसका वो हमेशा

से हकदार रहा है। उन्होंने कहा कि नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भारत के बढ़ते विमानन क्षेत्र में एक प्रमुख भूमिका निभाएगा और विमानों के रखरखाव, मरम्मत और संचालन का एक प्रमुख केंद्र होगा। श्री मोदी ने बताया कि मरम्मत, रखरखाव और ओवरहॉल के लिए 40 एकड़ में एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल) प्रतिष्ठान का निर्माण किया जा रहा है, जिससे सैकड़ों युवाओं को रोज़गार मिलेगा। आज भारत विदेशों में इन सेवाओं को प्राप्त करने के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च करता है।

उन्होंने आने वाले एकीकृत मल्टी-मॉडल कार्गो हब पर कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे लैंड-लॉक्ड (चारों तरफ से भूमि से घिरे) राज्य में हवाई अड्डा बहुत उपयोगी होगा। यह हब अलीगढ़, मथुरा, मेरठ, आगरा, बिजनौर, मुरादाबाद और बरेली जैसे औद्योगिक केंद्रों की सेवा करेगा। उन्होंने कहा कि खुर्जा कारीगरों, मेरठ खेल उद्योग, सहारनपुर फर्नीचर, मुरादाबाद के पीतल उद्योग, आगरा के जूते-चप्पल और पेठा उद्योग को आगामी बुनियादी ढांचे से काफी मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज राष्ट्रीय ही नहीं, अंतर्राष्ट्रीय छाप छोड़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, "इंफ्रास्ट्रक्चर हमारे लिए राजनीति का नहीं बल्कि राष्ट्रनीति का हिस्सा है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रोजेक्ट्स अटके नहीं, लटके नहीं, भटके नहीं। हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं कि तय समय के भीतर ही इंफ्रास्ट्रक्चर का काम पूरा किया जाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम राष्ट्र प्रथम की भावना पर चलते हैं। सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास-सबका प्रयास, हमारा मंत्र है।

प्रधानमंत्री ने सरकार द्वारा हाल ही में की गई पहलों का उल्लेख किया। उन्होंने कोविड-19 टीके की 100 करोड़ खुराक का मुकाम, 2070 तक शुद्ध शून्य लक्ष्य का निर्धारण, उत्तर प्रदेश में कुशीनगर हवाई अड्डे, उत्तर प्रदेश में नौ मेडिकल कॉलेज, महोबा में नए बांध और सिंचाई परियोजनाओं, झांसी में रक्षा गलियारे एवं संबंधित परियोजनाओं, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, जनजातीय गौरव दिवस समारोह, भोपाल में आधुनिक रेलवे स्टेशन, महाराष्ट्र के पंढरपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग और नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के बारे में बात की।

ईपीएफओ

सार्वजनिक क्षेत्र के बॉन्ड में करेगा निवेश

सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने कहा कि उसने इनविट्स जैसे नए परिसंपत्ति वर्ग में निवेश पर निर्णय लेने के लिए अपने सलाहकार निकाय वित्तीय निवेश एवं लेखा समिति (एफआईएसी) को सक्षम बनाया है।

इससे ईपीएफओ के निवेश का दायरा बढ़ेगा। मौजूदा समय में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ने सार्वजनिक क्षेत्र के अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनविट) की पेशकश की है। ईपीएफओ सार्वजनिक क्षेत्र के बॉन्ड में भी निवेश करेगा।

बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि इस समय हमने सिर्फ नए सरकारी इंस्ट्रूमेंट बॉन्ड और इनविट में निवेश करने का फैसला किया है। इसके

लिए कोई प्रतिशत नहीं है। यह एफआईएसी द्वारा प्रत्येक मामले के आधार पर तय किया जाएगा।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि बोर्ड ने एफआईएसी को प्रत्येक मामले के आधार पर निवेश विकल्पों पर निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाने का फैसला लिया है। इसके अलावा, बैठक में पेंशन समेत सामाजिक सुरक्षा संहिता लागू करने के मुद्दों पर चार सब कमेटी बनाने के फैसले पर भी मुहर लगाई गई है।

= भारत और न्यूजीलैंड =

साइबर क्राइम से लेकर सुरक्षा तक मिलकर करेंगे काम

भारत और न्यूजीलैंड ने साइबर सुरक्षा, साइबर अपराध और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में करीबी सहयोग के साथ काम करने पर पिछले दिनों सहमति व्यक्ति की। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, पिछले दिनों संपन्न दो दिवसीय डिजिटल वार्ता में दोनों देशों के बीच साइबर क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का फैसला किया गया। बयान में कहा गया है कि भारत-न्यूजीलैंड द्विपक्षीय साइबर वार्ता के दूसरे संस्करण में साइबर के क्षेत्र में सहयोग और विभिन्न आयामों पर चर्चा की गई तथा इसे और आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की गई।

बयान के मुताबिक, "साइबर वार्ता के दौरान दोनों देशों ने साइबर क्षेत्र में वर्तमान द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न आयामों पर चर्चा की और साइबर मुद्दे पर हालिया

घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया तथा इस क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर विचार किया।" दोनों पक्षों ने साइबर सुरक्षा, साइबर अपराध तथा क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में करीबी सहयोग के साथ काम करने पर सहमति व्यक्त की तथा आपसी हित से जुड़े विविध विषयों पर चर्चा की। भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय में साइबर कूटनीति पर संयुक्त सचिव अतुल मल्हारी गोटसुर्वे ने किया, जबकि न्यूजीलैंड के शिष्टमंडल का नेतृत्व राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के निदेशक डान एटान ने किया।

उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) द्वारा 29 जून, 2021 को शुरू किए गए वैश्विक साइबर सुरक्षा सूचकांक (जीजीआई) 2020 में भारत का 10वां स्थान रहा और उसके दर्जे में 37 स्थानों का सुधार हुआ। साइबर सुरक्षा के लिहाज से सूची में सबसे ऊपर अमेरिका है और उसके बाद ब्रिटेन तथा सऊदी अरब एक साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि सूचकांक में तीसरे स्थान पर एस्टोनिया है। भारत एक वैश्विक आईटी महाशक्ति के रूप में उभर रहा है और डेटा गोपनीयता तथा नागरिक के ऑनलाइन अधिकारों की सुरक्षा के लिए दृढ़ उपायों के साथ अपनी डिजिटल संप्रभुता का दावा करता है।

इजराइल ने मध्य सीरिया में किया हवाई हमला

सीरियाई सेना ने कहा कि इजराइल के युद्धक विमानों ने देर रात देश के मध्य क्षेत्र में सेना के ठिकानों पर हमला किया जिसमें दो नागरिकों की मौत हो गयी और सात लोग घायल हो गए। घायलों में से छह सैनिक हैं। सरकारी मीडिया ने एक अज्ञात सैन्य अधिकारी के हवाले से बताया कि युद्धक विमानों ने पड़ोसी लेबनान के हवाई क्षेत्र में उड़ान भरते हुए मिसाइलें दागीं। सरकारी समाचार एजेंसी सेना ने बताया कि हमला देर रात करीब एक बजकर 26 मिनट पर हुआ। अधिकारी ने बताया कि सीरिया की वायु सेना ने ज्यादातर मिसाइलों को मार गिराया। इजराइल ने पिछले कुछ वर्षों से सरकार के नियंत्रण वाले सीरियाई क्षेत्र में ठिकानों पर हमला किया है, लेकिन उसने बमुश्किल ही कभी ऐसे हमलों की जिम्मेदारी ली है। हालांकि उसने ईरान समर्थित मिलीशिया जैसे कि लेबनान के हिजबुल्ला समूह के ठिकानों पर हमलों की जिम्मेदारी ली है। हिजबुल्ला ने सीरिया में अपने लड़ाकों को तैनात किया है। हिजबुल्ला दशकों पुराने गृह युद्ध में सीरियाई राष्ट्रपति बशर असद की सेनाओं की ओर से लड़ाई लड़ रहा है।

सूडान में

तख्तापलट के विरोध में प्रदर्शन कर रहे लोगों पर फायरिंग

सूडान में सैनिक शासन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों पर सुरक्षा बलों ने फायरिंग कर दी जिसमें कम से कम 15 लोग मारे गए। मीडिया ने एक महीने से हो रहे प्रदर्शनों में इसे सबसे खतरनाक दिन बताया है। प्रदर्शनकारी 25 अक्टूबर को हुए सैनिक विद्रोह के खिलाफ खार्तूम, वाहरी एवं ओमदुर्मान इलाकों में सड़कों पर उतरे थे। प्रदर्शनकारी नागरिक प्रशासन वहाल करने को हुए विद्रोह के अगुआ को सुनवाई के लिए सौंपने की मांग कर रहे हैं।

तीनों शहरों में प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए सुरक्षा बलों ने गोलियां चलाईं और आंसू गैस के गोले दागे। मोवाइल फोन के संपर्क भंग कर दिए गए थे। सरकारी टेलीविजन ने कहा कि घायलों में प्रदर्शनकारी और पुलिसकर्मी दोनों शामिल हैं। प्रदर्शनकारियों से जुड़े सुडान के डॉक्टरों की केंद्रीय समिति ने कहा, "विद्रोही बलों ने राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में गोलियों का इस्तेमाल किया। अनेक लोग गोली लगने से घायल हुए हैं जिनमें कुछ की हालत गंभीर है।" डॉक्टरों ने कहा कि वाहरी

इलाके में कई लोग मारे गए हैं और अब तक 39 लोगों की मौत हो चुकी है। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, "लोग बेहद डरे हुए हैं।" प्रदर्शनकारियों ने सघन बैरिकेड तैयार किए थे जिसके कारण सड़कों पर आवाजाही बंद हो गई है। सड़कों एवं पुलों पर बड़ी संख्या में सुरक्षाबल तैनात हैं।

बता दें कि सुडान में सैन्य तख्तापलट को लेकर सड़कों पर विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। अक्टूबर में विरोध प्रदर्शन में शामिल लोगों पर सुडानी सेना की गोलीबारी में सात प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई थी, जबकि 140 से अधिक लोग घायल हुए थे। सेना ने प्रधानमंत्री को गिरफ्तार करने के कुछ घंटों बाद देश की कार्यवाहक सरकार को बर्खास्त कर सत्ता पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद देश में तख्तापलट के खिलाफ राजधानी खार्तूम और ओमदुर्मान में हजारों लोग विरोध में सड़कों पर उतर आए। सूडान के मुख्य विपक्षी गठबंधन ने देश भर में सविनय अवज्ञा और विरोध का आह्वान किया और सैन्य शासन से सत्ता वापस नागरिक सरकार को हस्तांतरित करने की मांग की।

साल के अंत तक इराक में खत्म होगा सैन्य मिशन

अमेरिका ने ऐलान किया है कि इस साल के खत्म होने से पहले वह इराक में युद्ध अभियान समाप्त करेगा। पेंटागन ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा है कि इराक में अमेरिकी सैन्य मिशन इस साल के अंत से पहले अपने इराकी समकक्ष जुमा इनाद के साथ बैठक के दौरान पूरा हो जाएगा।

पेंटागन के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा है कि "संयुक्त राज्य अमेरिका जुलाई 2021 के यूएस-इराक रणनीतिक वार्ता के दौरान की गई प्रतिबद्धताओं को बनाए रखेगा, जिसमें साल के अंत तक कोई अमेरिकी सेना युद्ध की भूमिका के साथ नजर नहीं आएगी।" बयान में कहा गया है कि इराकी सरकार के निमंत्रण पर देश के सुरक्षा बलों का समर्थन करने के लिए अमेरिकी सेना इराक में रहेगी। दोनों पक्षों ने इराक में अमेरिकी सैन्य मिशन के अगले चरण पर भी चर्चा की। जो आईएसआईएस को हराने के अभियान के समर्थन में इराकी सुरक्षा बलों के साथ खुफिया जानकारी साझा करने और सहायता पर मिलकर कार्य करेंगे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

गर्भावस्था में खतरों को, जानें-पहचानें...

- तेज सांस चलना, अत्यधिक खून की कमी।
- तेज सिरदर्द के साथ धुंधलापन, ब्लड प्रेशर।
- चेहरे एवं शरीर पर सूजन/झटके आना।
- गर्भावस्था अथवा प्रसव के समय अत्यधिक रक्तस्राव।
- 12 घण्टे से अधिक या 34 सप्ताह के पूर्व प्रसव पीड़ा होना।
- गर्भस्थ शिशु का कम अथवा न घूमना।
- गर्भावस्था के समय डायबिटीज, हृदय रोग अस्थमा अथवा पीलिया होना।

शीघ्र पंजीयन एवं प्रसव पूर्व जांच - (वजन, ब्लड प्रेशर, पेशाब की जांच) गर्भावस्था के पहले तिमाही में प्रत्येक महिला का पंजीयन करवाना चाहिए और मां को जच्चा-बच्चा सुरक्षा कार्ड दिया जाना चाहिए जिससे प्रसव पूर्व 4 जांच और टीकाकरण समय पर हो सके।

आयरन फोलिक एसिड गोलियों का सेवन - गर्भावस्था में आयरन फोलिक एसिड की रोज 1 गोली का सेवन छह माह तक किया जाना अत्यंत आवश्यक है। गर्भावस्था के दौरान हीमोग्लोबिन की जांच करने से खून की कमी को पहचाना जा सकता है। खून की कमी वाली मां के लिए इन्जेक्शन आयरन सुक्रोज सभी शासकीय अस्पतालों में नि:शुल्क उपलब्ध है।

उपरोक्त लक्षण दिखाई देने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर संपर्क करें।

अधिक जानकारी के लिए अपने क्षेत्र की एएनएम अथवा आशा कार्यकर्ता से संपर्क करें।

M.P.Madhyam/102793/R-46245/2021

NATIONAL HEALTH MISSION

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
मध्यप्रदेश शासन द्वारा जनहित में जारी

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.वी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।